

तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 05 नवंबर 2026 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -42 ■ अंक-217 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 06 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

पाक्सो और रेप मामलों के लिए खुलेंगी 850 अदालतें

नई दिल्ली, 5 नवंबर। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'त्वरित सुनवाई विशेष अदालतों' (एफटीएससी) के लिए केंद्र प्रायोजित योजना को पांच साल और बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य बलात्कार के मामलों और 'बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण' (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 के तहत दर्ज अपराधों में त्वरित सुनवाई और समय पर न्याय सुनिश्चित करना है। यह योजना अगले पांच वर्षों तक लागू रहेगी और इसके तहत देश भर में मौजूदा 779 सक्रिय अदालतों के नेटवर्क का विस्तार करके इनकी संख्या 850 कर दी जाएगी। उम्मीद है कि इस फैसले से महिलाओं और बच्चों से जुड़े यौन अपराधों के लंबित मामलों को निपटाने में न्यायिक प्रणाली की क्षमता मजबूत होगी। इस फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस योजना के जारी रहने से न्याय मिलने में होने वाली देरी को कम करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को एक्स पर लिखा, कम देरी, जल्दी न्याय! इस योजना को कुल 3,788.04 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ मंजूरी दी गई है। इसमें से केंद्र सरकार 2,353.15 करोड़ रुपये देगी, जबकि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश मिलकर 1,434.89 करोड़ रुपये का योगदान देंगे। केंद्र सरकार का हिस्सा 'निर्भया कोष' से दिया जाएगा। स्वीकृत वित्तपोषण व्यवस्था के तहत, इन अदालतों के संचालन खर्च को पूरा करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वित्तीय सहायता दी जाती रहेगी।इस विस्तारित योजना के तहत, सरकार त्वरित सुनवाई विशेष अदालतों की संख्या को



मौजूदा 779 से बढ़ाकर 850 करने की योजना बना रही है। यह विस्तार इस बात पर निर्भर करेगा कि किस जिले में बलात्कार और पॉक्सो से जुड़े कितने मामले लंबित हैं। हर अदालत में एक समर्पित न्यायिक अधिकारी, एक विशेष लोक अभियोजक और छह सहायक कर्मचारी होंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इन संवेदनशील मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाए और इनकी सुनवाई व फैसला जल्द से जल्द हो सके। इन अदालतों को 'संवेदनशील गवाहों के बयान दर्ज करने के केंद्र' और विशेष रूप से तैयार की गई अदालत कक्ष की सुविधाओं का भी सहयोग मिलेगा। इन इंतजामों का मकसद पीड़ितों और गवाहों को न्यायिक कार्यवाही के दौरान एक सुरक्षित, अधिक आरामदायक और बच्चों के अनुकूल माहौल प्रदान करना है।योजना को जारी रखने से बलात्कार और पॉक्सो मामलों के बड़े लंबित मामलों के बोझ को निपटाने में मदद मिलेगी, जिससे पीड़ितों को कम समय में न्याय मिल सकेगा। महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देकर, यह पहल समाज के कमजोर वर्गों के लिए न्याय तक पहुंच को बेहतर बनाने का प्रयास करती है। विशेष रूप से तैयार की गई अदालती सुविधाएं और समर्पित कर्मचारी, न्यायिक प्रक्रिया को पीड़ितों खासकर बच्चों की जरूरतों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाएंगे।न्याय विभाग, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन के साथ मिलकर इस विस्तारित योजना के क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। अदालतों के कामकाज पर नजर रखने के लिए एफटीएससी डैशबोर्ड, समय-समय पर आने वाली प्रगति रिपोर्ट और खर्च के विवरण का उपयोग किया जाएगा। केंद्र सरकार, योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करने और व्यावहारिक चुनौतियों को दूर करने के लिए उच्च न्यायालयों और राज्य सरकारों के साथ नियमित परामर्श भी करेगी। इस नेटवर्क का विस्तार अलग-अलग जिलों में लंबित बलात्कार और पॉक्सो मामलों की संख्या पर निर्भर करेगा, ताकि जिन जगहों पर सबसे ज्यादा जरूरत है,.

यूएपीए मामले में तीन माओवादी दोषी करार

एनआईए की अदालत ने सुनाई 10-10 साल की सजा



भानुप्रतापपुर,5नवंबर। कांकेर जिले में माओवादी गतिविधियों से जुड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के एक मामले में विशेष न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। भानुप्रतापपुर स्थित विशेष न्यायाधीश राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को 10-10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही तीनों पर 3,500-3,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। मामले में अपर लोक अभियोजक टी.एस. यादव ने प्रभावी पैरवी की।

पूरा मामला 18 मई 2023 का है। पुलिस के मुताबिक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन की गतिविधियों की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने सीओबी चिलपरस और ढूंट्टा से संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था। तलाशी अभियान के दौरान कागबरस, नयापारा और चिलपरस क्षेत्र में तलाशी लेते हुए सुरक्षा बल केसोकोड़ी की ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान पहाड़ी जंगल के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे। सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान पीलूराम आंचला उर्फ सालिक राम, रमेश पुनेम उर्फ बुधरू और पुनऊ राम मंडावी के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, तीनों प्रतिबंधित माओवादी संगठन से जुड़े हुए थे और संगठन में अलग-अलग जिम्मेदारियां निभा रहे थे। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से वायरलेस सेट, माओवादी संगठन की चिट्ठियां, नक्सली साहित्य, नकदी, गुलेल, टॉर्च और चाकू सहित अन्य सामग्री बरामद की गई थी। वहीं आरोपियों को पकड़ने के दौरान पुलिस दल पर हमला भी किया गया था, जिसमें एक जवान के दाहिने हाथ में चोट आई थी।इस मामले में थाना कोयलीबेड़ा में अपराध क्रमांक 08/2023 के तहत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूएपीए के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अंतागढ़ एसडीओपी अमर सिदार को विवेचना अधिकारी नियुक्त किया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलित कर आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय में अपर लोक अभियोजक टी.एस. यादव ने मौखिक, दस्तावेजी और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी पैरवी की। सभी साक्ष्यों का मूल्यांकन करने के बाद विशेष न्यायाधीश एनआईए भानुप्रतापपुर दीपक के. गुप्ता की अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और 3,500-3,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

चुनाव आयुक्तों को आजीवन कानूनी छूट के खिलाफ याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली,5 नवंबर। चुनाव आयुक्तों को आजीवन कानूनी छूट का मामला देश के शीर्ष न्यायालय सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। चुनाव आयुक्तों को आजीवन कानूनी छूट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी. महादेवन की पीठ ने यह नोटिस जारी किया। याचिका सामाजिक कार्यकर्ता और वकील अरुण कुमार अग्रवाल ने दायर की है। याचिका में धारा 16 पर सवाल उठाया गया है कि क्या चुनाव आयुक्तों को इस तरह कानूनी कार्रवाई से छूट देना संविधान के अनुरूप है। इस पर देश के शीर्ष न्यायालय ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। दरअसल 2023 की धारा 16 के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों को अपने सरकारी कामकाज के दौरान



किए गए फैसलों के लिए आपराधिक मुकदमों से आजीवन कानूनी सुरक्षा दी गई है। इस मामले में याचिका दाखिल करने वाला संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी. मोहना शामिल हैं। अदालत ने इस याचिका को इसी मुद्दे पर पहले से लंबित लोक प्रहरी की याचिका के साथ जोड़ दिया है। कोई अदालत मुख्य निर्वाचन आयुक्त या चुनाव आयुक्त के खिलाफ उनके आधिकारिक काम से जुड़े मामले में दीवानी या आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं कर सकती। यदि ऐसी कार्यवाही पहले से चल रही है, तो अदालत उसे आगे भी जारी नहीं रख सकती। यह सुरक्षा सिर्फ पद पर रहते हुए नहीं, बल्कि पद छोड़ने के बाद भी लागू रहती है। यह संरक्षण उन कामों पर लागू है जो अधिकारी ने चुनाव आयुक्त के पद पर रहते के दौरान किए हैं।2023 के कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त को मिलने वाली कानूनी छूट को लेकर विपक्ष भी लगातार सवाल उठाता रहा है।राहुल समेत INDIA ब्लॉक के नेता मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोटर्स लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाते आए हैं। विपक्ष 2023 के तहत मिलने वाली छूट को रद्द करने और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग लगातार कर रहा है।

शराब घोटाले में रामगोपाल और मैनपावर घोटाले में अरुणपति त्रिपाठी को जमानत

रायपुर,5 नवंबर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल और मैनपावर घोटाले में आबकारी विभाग के पूर्व MD रहे अरुणपति त्रिपाठी को राहत मिली है। दोनों को बिलासपुर हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। बता दें कि रामगोपाल अग्रवाल को शराब घोटाला मामला में जमानत मिली है। कोल और चावल घोटाले में अभी उन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा। वहीं मैनपावर घोटाला मामले में अरुणपति त्रिपाठी रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। 95 दिन बाद उन्हें जमानत मिली है। इस मामले में वकील शशांक मिश्रा ने पैरवी की है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए शराब दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाला ओवरटाइम, बोनस और चार अतिरिक्त दिनों का पैसा उन्हें नहीं दिया गया। इसके बजाय फर्जी रिकॉर्ड तैयार कर एजेंसियों को करोड़ों रुपये का



अवैध भुगतान कर दिया गया। अकेले अरुणपति त्रिपाठी के कार्यकाल में सेवा शुल्क और अन्य मदों के नाम पर एजेंसियों को 152.40 करोड़ रुपये का एक्स्ट्रा पेमेंट किया गया। इसमें से 'ईगल हंटर' और 'अलर्ट कमांडोज' नाम की दो बड़ी एजेंसियों को 48 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम बांटी गई। जांच एजेंसियों के मुताबिक बीआर लोहिया के कहने पर फर्जी बिल तैयार किए जाते थे और इसके बदले अधिकारियों को कैश कमीशन दिया जाता था। अरुणपति त्रिपाठी ने इन मैनपावर एजेंसियों से 28 से 32 करोड़ रुपये का नकद कमीशन वसूला और इसे अनवर ढेबर तक पहुंचाया। इस अवैध कमाई में से त्रिपाठी के हिस्से के 3 करोड़ रुपये और पेंडिंग बिल पास कराने के एवज में ली गई 28.80 लाख रुपये की रकम को प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने जब्त किया था। चालान में यह पुख्ता सबूत भी शामिल किए गए हैं कि किस तरह इस काली कमाई को अंगड़िया (हवाला) नेटवर्क के जरिए मुंबई और हैदराबाद भेजा जाता था।

केंद्रीय राज्यमंत्री साहू ने बार्सिलोना में कासा बाट्लो का किया भ्रमण

बिलासपुर,5 नवंबर। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने स्पेन यात्रा के दौरान बार्सिलोना के प्रतिष्ठित पासेइग दे ग्रासिया मार्ग पर स्थित विश्वप्रसिद्ध कासा बाट्लो का भ्रमण किया। यह महान वास्तुकार एंटोनी गौडी की उत्कृष्ट स्थापत्य कृतियों में से एक तथा कैटलन आधुनिकतावादी वास्तुकला का प्रतिष्ठित प्रतीक है। इस भ्रमण के दौरान साहू को स्थापत्य विरासत, शहरी पहचान, सांस्कृतिक पर्यटन और आर्थिक विकास के परस्पर संबंधों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर मिला।

कांग्रेस खो चुकी है जनता का विश्वास: साय

रायपुर। राहुल गांधी के महाराष्ट्र मिल्क फेडरेशन चुनाव में मिलावट के आरोप पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि अपनी कथनी और करनी के कारण देश की जनता का विश्वास खो चुके हैं. जो भी चुनाव हुए हैं, उसमें वे हारते जा रहे हैं. बौखलाहट में वे भ्रामक प्रचार कर लोगों को भ्रम में डालना चाह रहे हैं.



जशपुर के दौरे से लौटने के बाद रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से चर्चा की. उन्होंने 'अर्नब' और 'मुरासु' चक्रवात को लेकर कहा कि सभी जिलों के कलेक्टर को निर्देशित किया है. जहां भी चक्रवात के कारण फसल और किसी तरह की क्षति हुई है या फिर मकान क्षतिग्रस्त या पूरी तरह से ध्वस्त हुआ है. सबका सर्वे किया जाए. वहीं पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल और सख्ती पर सीएम साय ने कहा कि सरकार कर्मचारी हितैषी है. उनको काम में आना चाहिए. अपनी मांग को दूसरे तरह से भी रख सकते हैं. काम नहीं करने से लोगों का और प्रदेश का अहित होता है. उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान चल रहा है, जो कई जिलों में आयोजित हो चुका है. इससे पहले केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी इस अभियान में शामिल हो चुके हैं. आज रायपुर में आयोजित रैली में भी शामिल होंगे.

महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि इस प्रकरण के मुख्य अभियुक्त सौरभ चंद्राकर को विदेश से लाया गया है। अब सीबीआई उससे पूछताछ करेगी, जिससे इस पूरे मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। उन्होंने संभावना जताई कि जांच के दौरान इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी उजागर हो सकती है।मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री अमित जोगी द्वारा सौरभ चंद्राकर को लेकर दिए गए बयान पर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमित जोगी सौरभ चंद्राकर को हीरो बता रहे हैं।

EC ने बदला काम का तरीका

नई दिल्ली,5नवंबर। बीते कई दिनों से चुनावी प्रक्रियाओं और SIR को लेकर विपक्ष के निशाने पर रह रहे चुनाव आयोग (ECI) ने अपने कामकाज के तरीके में बड़ा बदलाव किया है. आयोग ने अब पारदर्शिता बढ़ाने के लिए अपने कामकाज के तरीकों में कई अहम बदलाव किए हैं. अब आयोग की बैठकों का एजेंडा पहले से साझा किया जाएगा और बैठकों के मिनट्स यानी कार्यवाही का ब्योरा भी जारी किया जाएगा. पहले इस तरह की कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई जा रही थी. इसके अलावा, आयोग में काम करने वाले अधिकारियों को अब विदेश यात्रा पर जाने के लिए आयोग से पहले मंजूरी लेनी होगी, जबकि पहले ऐसी मंजूरी नहीं ली जाती थी.नए आईटी मॉड्यूल को भी पहले अधिकारियों की एक कमेटी के पास भेजा जाएगा और वहां से मंजूरी मिलने के बाद ही उसे आयोग के सामने रखा जाएगा. पहले यह मुद्दा चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच विवाद की वजह बना था.वहीं, एसआईआर (SIR) के लिए ऑनलाइन फॉर्म से घोषणा पत्र का विकल्प हटा दिया गया है. यह बदलाव उन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया है, जहां एसआईआर की प्रक्रिया अभी जारी है. अब यह घोषणा ऑनलाइन फॉर्म का हिस्सा नहीं होगी, बल्कि इसके लिए अलग से घोषणा पत्र जारी किया गया है.

एसआईआर के ऑनलाइन फॉर्म से अलग हुआ घोषणा पत्र-एसआईआर से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है. 4 नवंबर को जारी अपडेट के मुताबिक, आयोग ने 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नए मतदाताओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म 6 से अतिरिक्त घोषणा पत्र (Annexure-D) की बाध्यता अलग कर दी है. अब मतदाता पंजीकरण के ऑनलाइन फॉर्म में यह घोषणा शामिल नहीं होगी. इसके लिए अलग से घोषणा पत्र देना होगा. इस बदलाव का मकसद नए मतदाताओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाना और ऑनलाइन फॉर्म भरते समय आने वाली अतिरिक्त परेशानी को कम करना है.

26 सितंबर की बैठक में लिए गए थे फैसले-इन बदलावों को लेकर 26 सितंबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की मौजूदगी में आयोग की उच्च स्तरीय बैठक हुई थी. इस बैठक में आंतरिक कामकाज को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने से जुड़े फैसलों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई थी. इन फैसलों की आधिकारिक जानकारी चुनाव आयोग और प्रेस सूचना ब्यूरो (PIB) के दस्तावेजों में दी गई है.

मुर्गा लड़ाई की आड़ में 20 लाख का जुआ!

रैगुड़ा के जंगल में पुलिस का छापा

बीजापुर 05 नवंबर। बीजापुर जिले के भद्राकाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रैगुड़ा के जंगल में मुर्गा लड़ाई की आड़ में लाखों रुपये का जुआ संचालित होने का बड़ा मामला सामने आया है। जंगल में मुर्गों की लड़ाई के नाम पर हजारों-लाखों के दांव लगाए जा रहे थे। सूचना मिलते ही बीजापुर पुलिस ने रणनीतिक घेराबंदी कर आयोजन स्थल पर धावा बोला। पुलिस की इस कार्रवाई में कई लोग कार्रवाई के दायरे में आए, जबकि मौके से 20 लाख 1 हजार 200 रुपये नगद, 47 चारपहिया वाहन और मोबाइल फोन जब्त किए गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम रैगुड़ा के जंगल में मुर्गा बाजार के दौरान मुर्गा लड़ाई की आड़ में रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खिलाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम को कार्रवाई के लिए लगाया गया। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घटनास्थल की घेराबंदी की और मौके पर मौजूद लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की।



20 लाख की नकदी और 47 वाहन जब्त-पुलिस की कार्रवाई में नकदी की बरामदगी ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया। घटनास्थल से 20,01,200 रुपये नगद जब्त किए गए। इसके अलावा स्कॉर्पियो सहित चारपहिया वाहन और मोबाइल फोन भी पुलिस ने अपने कब्जे में लिए हैं। आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी और लाखों रुपये की नकदी की जब्ती से जंगल में संचालित इस आयोजन के व्यापक स्वरूप का अंदाजा लगाया जा सकता है।

सभी रास्तों को ब्लॉक कर रेगुड़ा गांव में दी गई दबिश: डीएसपी-डीएसपी राहुल बंसल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित की गई थी। सूचना के आधार पर सभी रास्तों को ब्लॉक कर रेगुड़ा गांव में दबिश दी गई थी। रेड के दौरान पता चला है कि बाहर राज्य के लोग आकर मुर्गा बाजार की आड़ में जुआ खेल रहे हैं। जिसमें 156 लोगों जुआ अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर थाना भद्राकाली में अपराध क्रमांक 06/2026 दर्ज किया गया है। 20 लाख रुपए से अधिक राशि और 12 मोबाइल फोन के साथ 47 चारपहिया वाहन जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) तथा सार्वजनिक द्यूत अधिनियम की धारा 4 एवं 13 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

जज बोले- ऐसे तो हमारी पत्नी भी पॉकेट मनी मांगने लगेंगी

नई दिल्ली,5नवंबर। वाइफ को पॉकेट मनी देने से जुड़े मामले की सुनवाई गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई। मैरिज डिस्प्यूट को लेकर चल रही सुनवाई के दौरान महिला ने अपने पति से 1500 डॉलर (1 लाख 41 हजार रुपये) पॉकेट मनी की मांग उठाई। इसपर वाइफ को पॉकेट मनी देने से जुड़े मामले में जज ने मजेदार बात कही। साथ ही जज ने कहा कि ऐसे तो हमारी पत्नी भी पॉकेट मनी मांगने लगेंगी। वहीं एक दूसरे मामले में अदालत ने विदेशी तलाक और बहुविवाह पर अहम कानूनी बात कही। दरअसल मामला मैरिज डिस्प्यूट को लेकर चल रही सुनवाई के दौरान महिला का पति से पॉकेट मनी मांगने को लेकर हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन 4 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में महिला की 1 लाख 41 हजार रुपये पॉकेट मनी की डिमांड पर सुनवाई की.सुनवाई के दौरान जज ने कहा कि अगर पति सारी डिमांड पूरी कर रहा है तो अलग से पॉकेट मनी देने की क्या जरूरत है. इस तरह की स्थिति काफी खतरनाक है। सुप्रीम कोर्ट के जज ने महिला के तरफ से पेश हुए वकील को मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर ऐसी ही महिलाएं अलग से पॉकेट मनी की डिमांड करने लगी तो कल को हमारी भी वाइफ हमसे पैसों की डिमांड करेंगी। साथ ही जज ने अपनी सैलरी का उदाहरण देते हुए महिला के वकील को कहा कि हमारी सैलरी तो 3 लाख है, न कि 15 हजार डॉलर। प्लीज आप ऐसे शानदार आइडिया महिलाओं को न ही दें। वहीं एक दूसरे वैवाहिक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने विदेशी अदालत से मिले तलाक के आदेश की कानूनी मान्यता पर अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि केवल इस आधार पर दिया गया विदेशी तलाक का आदेश भारत में अपने आप मान्य नहीं हो जाता कि पति-पत्नी के रिश्ते में सुधार की कोई उम्मीद नहीं बची है। अदालत ने मामले में पति की तरफ से दी गई याचिका खारिज कर दी।

सीएम ने किया पुस्तक उम्र 21 साल, सजा 20 साल का विमोचन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 नवंबर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्रकार एवं विधिक सलाहकार अशोक त्रिपाठी द्वारा लिखित पुस्तक उम्र 21 साल, सजा 20 साल का विमोचन किया। अशोक त्रिपाठी पिछले 20 वर्षों से विधानसभा की कार्यसमिति के सदस्य के रूप में भी जुड़े हुए हैं। उनकी यह पुस्तक बालकों के विरुद्ध यौन हिंसा तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों और ऐसे अपराधों की रोकथाम में कानून की भूमिका पर



केंद्रित है। त्रिपाठी ने बताया कि पुस्तक लिखने का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को ऐसे गंभीर अपराधों से बचने के लिए जागरूक करना है। उनके अनुसार, ऐसे अपराधों से जुड़े अनेक मामलों में आरोपियों की उम्र 19 से 30 वर्ष के बीच पाई जाती है। ऐसे में इस आयु वर्ग के युवाओं को कानून की जानकारी देना और उन्हें अपराधों के गंभीर परिणामों से अवगत कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा अक्सर बिना कानूनी परिणामों को समझे ऐसे कृत्यों में शामिल हो जाते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें अपनी जिंदगी के बहुमूल्य वर्षों को जेल में बिताकर भुगतना पड़ सकता है। इस अवसर पर उनके सुपुत्र अनुपम त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे ।

आस्था वृद्धाश्रम में नवनिर्मित कार्यालय, पुस्तकालय एवं भोजनालय का लोकार्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 नवंबर। स्वर्गीय श्रीमती बानू बाई गेडाम की पुण्य स्मृति में आस्था वृद्धा आश्रम सेक्टर-2 में नवनिर्मित कार्यालय, पुस्तकालय एवं भोजनालय का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद विजय बघेल ने आश्रम परिसर स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया। इसके पश्चात उन्होंने फीता काटकर नवनिर्मित कार्यालय, पुस्तकालय एवं भोजनालय का लोकार्पण किया। साथ ही स्वर्गीय बानू बाई गेडाम के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष प्रकाश गेडाम ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि



आस्था वृद्धा आश्रम आपसी सहयोग एवं दानदाताओं के योगदान से पिछले लगभग 25 वर्षों से संचालित है। वर्तमान में आश्रम में करीब 80 बुजुर्ग निवासरत हैं, जिनमें 50 महिलाएं और 30 पुरुष शामिल हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृत 20 लाख रुपये की राशि से नवनिर्मित कार्यालय, पुस्तकालय एवं भोजनालय का निर्माण कराया गया है। अपने उद्बोधन में सांसद विजय बघेल ने कहा कि मानव सेवा को अपना आभूषण मानकर आस्था संस्था वर्षों से जरूरतमंद एवं बेसहारा बुजुर्गों की सेवा कर रही है। स्वर्गीय बानू बाई गेडाम के संस्कारों और आशीर्वाद से यह सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, शंकरलाल देवांगन, प्रभुनाथ मिश्रा, नीमराज वर्मा, दिलेश्वर उमरी एवं संतोष राणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

एक नजर

ठगी के आरोप में 3 युवक गिरफ्तार



भिलाई, 5 नवंबर (तछसं.)। ठगी के मामले में पुलिस ने पुलिस तीन तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि गांधी नगर, सुपेला निवासी राहुल सिंह, राधिका नगर मुकेश कुमार शर्मा, कोसा नगर कंवलजीत चेलक को गिरफ्तार किया है मामले में भिलाई नगर थाने पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान आरोपियों को विधिवत नोटिस तामील कराने, पूछताछ करने, शिकायतकर्ता का कथन दर्ज करने और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई किया है। साल भर पहले शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर तलाश की जा रही थी तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है प्रकरण की अग्रिम विवेचना जारी है ।

अभियान चलाकर 4 वारंटी गिरफ्तार



भिलाई, 5 नवंबर (तछसं.)। जिले के अलग-अलग प्रकरणों में फरार चल रहे व्यक्तियों के विरुद्ध लेवी वारंट, गिरफ्तारी वारंट एवं स्थायी वारंट जारी किए गए थे वारंटों की तामीली के लिए चौकी स्मृति नगर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया पुलिस ने मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी सहायता से उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी कार्रवाई के दौरान कुल 04 वारंटियों को गिरफ्तार किया है ।

जुआ खेल रहे लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



भिलाई, 5 नवंबर (तछसं.)। जुआ खेल रहे जुआरियों पर पुलिस ने कार्रवाई किया है पुलिस ने बताया कि नंदिनी, धमधा, उतई थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेल रहे जुआरियों पर पुलिस ने कार्रवाई किया है। जिसमें ग्राम कोडिया नंदिनी निवासी प्रताप यादव, दीपेंद्र सिंह, कैलाश देशलहरे, युवराज साहू 18 सौ रुपए, पत्थर खदान के किनारे, ग्राम राजपुर में जुआ खेल रहे थे। सहसपुर देवकर कैलाश देशलहरे कमलेश साहू, धमधा गजेंद्र विश्वकर्मा, हेम कुमार कोसरे, रेवदास गायकवाड, कुदारुण केशकाल बालत राम साहू से 12,020 नगद, पतोरा निवासी तोमेस साहू, शेषनारायण साहू, खिलेश्वर साहू, तामेश्वर देवांगन, दिलेश्वर साहू से 2,280 नगद, उतई निवासी गौतम कोसरे, अमन बघेल, जालम सिंह टंडन से 1,850 नगद जब्त किया गया।

गायत्री मंदिर वार्ड एवं कसारीडीह में 47.54 लाख के विकास कार्यों का महापौर ने किया भूमिपूजन

दुर्ग,5 नवंबर। शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क एवं अधोसंरचना विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए महापौर अलका बाघमार ने 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 गायत्री मंदिर वार्ड में 8.32 लाख रुपये की लागत से होने वाले डामरीकरण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 43 कसारीडीह में सहगल ऑटो के पास कुर्मी भवन की ओर जाने वाले मार्ग पर 39.22 लाख रुपये की लागत से बॉक्स कल्वर्ट एवं सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। दोनों विकास कार्यों की कुल लागत 47.54 लाख रुपये है।इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को बेहतर सड़क, नाली एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। विकास कार्यों के पूर्ण होने से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की आधारभूत संरचना और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने दोनों वार्डों में स्वीकृत विकास कार्यों के लिए पार्षदों एवं नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।महापौर ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। निगम का प्रयास है कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें और शहर का सुनियोजित विकास हो।भूमिपूजन कार्यक्रम में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद दीपक साहू, मनीषा सोनी, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उप अभियंता अपर्णा मिश्रा,भारती ठाकुर सहित दोनों वार्डों के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षदों एवं नागरिकों ने विकास कार्यों की सौगात देने के लिए महापौर सहित निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

पावर हाउस के भीड़भाड़ वाले बाजार में पटाखा दुकानों से हादसे की आशंका

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 नवंबर। पावर हाउस के भीड़भाड़ वाले बाजारों में पटाखों की दुकानें संचालित होने को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के दुर्ग-भिलाई संयुक्त जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने चिंता जताई है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बाजार के बीचो बीच पटाखों की दुकानें होना आम जनता की सुरक्षा और शांति के लिए गंभीर खतरा है। इससे व्यापारियों, ग्राहकों और आसपास के रहवासियों को हमेशा किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। राजू गुप्ता ने कहा कि बाजार में पटाखों की दुकानों के साथ उनका भंडारण भी जोखिमपूर्ण स्थिति पैदा कर सकता है। बिजली के शॉर्ट सर्किट या छोटी सी चिंगारी से भी आग लगने की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होने की आशंका है। खासकर त्योहारी सीजन में इन दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे बाजार की संकरी सड़कों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। ऐसी परिस्थितियों में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को भी आवागमन में परेशानी हो सकती है।उन्होंने कहा कि आसपास के कपड़ा, किराना एवं अन्य व्यवसायों से जुड़े दुकानदार भी हमेशा इस आशंका में रहते हैं कि कहीं पटाखों की दुकान में कोई अनहोनी न हो जाए और आग की चपेट में उनकी दुकानें भी न आ जाएं। इससे बाजार के व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा प्रभावित होती है। गुप्ता ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पटाखों की बिक्री एवं भंडारण के लिए निर्धारित सुरक्षा नियमों और न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उनके अनुसार, रिहायशी क्षेत्रों और व्यस्त बाजारों में पटाखों का भंडारण एवं बिक्री सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। पटाखों की दुकानें आबादी से दूर निर्धारित खुले एवं सुरक्षित स्थानों पर लगाई जानी चाहिए, जहां अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध हो।

तिलहन मेले में किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी, सरसों बीज किट वितरित



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पाटन,5 नवंबर। कृषि विभाग द्वारा खूबचंद बघेल सभागार, अटारी पाटन में जिला स्तरीय तिलहन मेले का आयोजन किया गया। मेले में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को तिलहन फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान, उपचार तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी।मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। आधुनिक कृषि उपकरणों एवं नई तकनीकों को अपनाकर किसान उत्पादन और आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने प्राकृतिक आपदा से फसलों को हुए नुकसान पर चिंता जताते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है तथा प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नीलम राजेश चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी सहित जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। संचालन परमेश साहू तथा आभार वरिष्ठ कृषि अधिकारी पुष्पा राम टेके ने व्यक्त किया।



संजय नगर तालाब की सफाई में जुटी निगम की टीम

भिलाई, 5 नवंबर। शहर के तालाबों को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 6 स्थित संजय नगर तालाब में निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विशेष सफाई कराई जा रही है। अभियान के तहत कर्मचारी तालाब में विसर्जित की गई मूर्तियों के अवशेषों को बाहर निकालने के साथ ही अन्य अपशिष्ट पदार्थों की सफाई में जुटे हुए हैं। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छता का भी ध्यान रखें। मूर्ति विसर्जन के बाद बची हुई सामग्री एवं अवशेष तालाबों में न छोड़ें, बल्कि निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उनका उचित निपटान करें। तालाबों को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने में निगम का सहयोग करें, ताकि शहर के जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखा जा सके।



घर के सामने से एक्टिवा चुराने वाला गिरफ्तार

भिलाई, 5 नवंबर। भिलाई स्मृति नगर चौकी पुलिस ने आर्य नगर कोहका में घर के बाहर से एक्टिवा चुराने वाले आरोपी गौतम ठाकुर को सेक्टर-4 से गिरफ्तार किया आरोपी ने गाड़ी लाल मैदान के पास छिपाई थी पुलिस ने चोरी का वाहन बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया

महापौर परिषद की बैठक में कई विकास कार्यों को मिली मंजूरी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 नवंबर। नगर निगम में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त सुरुचि सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा निगम की आय बढ़ाने से जुड़े कुल 15 प्रमुख प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। महापौर परिषद के सदस्यों ने विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण कार्यों को सहमति एवं अनुशंसा प्रदान की। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आबादी क्षेत्र कुरूद के 19 तथा खम्हरिया-जुनवानी के 27, इस प्रकार कुल 46 पात्र हितग्राहियों की पृथक-पृथक अंतिम सूची को महापौर परिषद की बैठक के उपरांत सामान्य सभा में प्रस्तुत करने पर सहमति दी गई। इससे पात्र हितग्राहियों को आवास



योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इसी तरह निगम की ग्राम सेमरिया स्थित भूमि पर 10 मेगावाट क्षमता का ऑनग्रिड सोलर प्लांट स्थापित करने के संबंध में शासन को पत्र प्रेषित करने की मंजूरी दी गई। इस पहल से सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलने के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से विद्युत आपूर्ति और निगम को आर्थिक बचत में मदद मिलने की उम्मीद है। वार्ड-18 कांट्रेक्टर कॉलोनी के हरा मैदान में स्थित सामुदायिक भवन के संचालन को भी अनुशंसा प्रदान की गई। अधोसंरचना मद के अंतर्गत जोन क्रमांक 2 के वार्ड क्रमांक 28 कैंप-1 स्थित सुभाष चौक के पास बीएसपी हायर सेकेंडरी स्कूल के समीप 2 करोड़ रुपये की लागत से मांगलिक एवं सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित करने की अनुमति प्रदान की गई। इसके अलावा जोन क्रमांक 5 के वार्ड क्रमांक 70 हुडको स्थित हॉस्पिटल सेक्टर से लगे मैदान में डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन तथा जोन क्रमांक 4 के वार्ड क्रमांक 51 स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल परिसर के संचालन एवं संधारण के लिए आरएफपी आमंत्रित करने की अनुशंसा की गई। हुडको क्षेत्र में सीवरेज लाइन के नवीनीकरण कार्य के प्रस्ताव पर भी चर्चा के बाद स्वीकृति प्रदान की गई।

शहर की प्रकाश व्यवस्था सुधारने आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 नवंबर। आयुक्त सुरुचि सिंह ने शहर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर एवं सुचारू बनाने के लिए निगम सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शहर के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए बेहतर प्रकाश व्यवस्था निगम की प्राथमिकता है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों,



गली-मोहल्लों एवं बाजार क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। जिन स्थानों पर लाइट बंद हैं अथवा पर्याप्त रोशनी नहीं है, उनका तत्काल चिन्हांकन कर सुधार कार्य कराया जाए। आवश्यकता के अनुसार नए लाइट लगाए जाएं तथा खराब एवं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को शीघ्र बदला जाए, ताकि रात्रि के समय नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल, जनदर्शन एवं अन्य ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त प्रकाश व्यवस्था से संबंधित शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त सुरुचि सिंह ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा शहर की प्रकाश व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार मैदानी निरीक्षण कर कमियों को दूर करने पर भी जोर दिया।

दीपावली पर बाजारों में सुगम आवागमन और व्यवस्थित व्यापार के लिए महापौर एवं आयुक्त ने किया निरीक्षण



दुर्ग, 5 नवंबर। नगर पालिक निगम। दीपावली एवं छठ पर्व को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी के लिए नागरिकों की भीड़ बढ़ने लगी है। त्योहार के दौरान व्यापारियों एवं ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे, इसके लिए महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त लीना कोसम ने शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड, एवं पुराना थाना के पीछे स्थित निब्बू लाइन सहित प्रमुख बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण किया।महापौर एवं आयुक्त ने लगभग दो घंटे तक पैदल भ्रमण कर बाजार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान दुकानों के बाहर हो रहे अतिक्रमण, पसरा, ठेला-खोमचा एवं यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। दुकानदारों को अपनी दुकानों की निर्धारित सीमा में रहकर ही व्यापार करने की समझाइश दी गई। साथ ही दुकानों के सामने 8म8 फीट की चूने से मार्किंग कराई गई, ताकि प्रत्येक दुकानदार एवं ठेला-खोमचा संचालक निर्धारित सीमा में ही अपना व्यवसाय संचालित कर सकें।

निरीक्षण के दौरान महापौर एवं आयुक्त ने पुराना बस स्टैंड स्थित पार्किंग स्थल का भी जायजा लिया। दीपावली के दौरान बाजार में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए पार्किंग व्यवस्था व्यवस्थित रखने तथा नागरिकों के वाहनों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कुछ स्थानों पर अव्यवस्थाएं पाए जाने पर महापौर ने मौके पर ही निगम अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

महापौर अलका बाघमार ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि दीपावली सभी के लिए खुशियों और उत्साह का पर्व है। ऐसे में बाजार को व्यवस्थित रखना व्यापारियों और नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। व्यापारी अपनी दुकान का सामान सड़क पर न फैलाएं और निर्धारित मार्किंग के भीतर ही व्यवसाय करें, जिससे ग्राहकों को खरीदारी करने में परेशानी न हो और आवागमन बाधित न हो।आयुक्त लीना कोसम ने बाजार विभाग एवं अतिक्रमण अमले को निर्देशित किया कि निर्धारित मार्किंग के बाहर दुकान लगाने, सामान फैलाने अथवा सड़क पर वाहन खड़े करने वालों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। मार्किंग का उल्लंघन करने पर सामान की जब्ती एवं जुर्माना लगाया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिमा के आसपास भी विशेष रूप से मार्किंग कराई गई है, ताकि बाजार क्षेत्र में पसरा एवं ठेला-खोमचा निर्धारित सीमा से बाहर न लगें।निगम प्रशासन का उद्देश्य त्योहार के दौरान बाजार में स्वच्छता, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना है,

तांदुला नदी पुल के किनारे किसानों के लिए सड़क बनाने की मांग

दुर्ग, 5 नवम्बर। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल कुमार रजक ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुँचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 61 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम विनायकपुर के किसानों ने अंडा-निकुम मार्ग पर तांदुला नदी पुल के किनारे आवागमन के लिए अलग सड़क बनाने की मांग की। किसानों ने बताया कि पुल की ऊंचाई अधिक होने से वर्तमान रास्ते पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और भरी हुई गाड़ियां नहीं चढ़ पातीं। वहीं रास्ता संकरा होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। किसानों ने पुल के किनारे खाली पड़ी जगह से वैकल्पिक सड़क बनाने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सके। इस संबंध में किसानों ने लोक निर्माण विभाग में भी आवेदन सौंपा है। इस पर संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को संबंधित निर्माण एजेंसी से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम धौराभाठा के किसान ने रेलवे की खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा 5वीं एवं 6वीं रेल लाइन परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण के बाद बची जमीन तक पहुंचने का रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनकी भूमि अधिग्रहण में आ रही है। अधिग्रहण के बाद उनकी जमीन दो भागों में विभाजित हो गई है। रेलवे लाइन और पास में स्थित नाला होने के कारण करीब 2 एकड़ जमीन अप्रयोज्य भूमि बन गई है, जहां आने जाने के लिए कोई सार्वजनिक रास्ता नही बचा है। उन्होंने नाले पर प्रस्तावित रेलवे ब्रिज की चौड़ाई बढ़ाकर ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरणों के आवागमन योग्य बनाने आवेदन दिया, ताकि शेष जमीन तक पहुंचने का रास्ता मिल सके। कृषक ने ब्रिज की चौड़ाई बढ़ाना संभव न होने पर बची हुई 2 एकड़ भूमि को भी रेलवे परियोजना में अधिग्रहण करके उचित मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की। इस पर संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम पाटन को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

बिहान से मिला आर्थिक संबल, मेडिकल स्टोर से चमकी वीणा की किस्मत

दुर्ग, 5 नवम्बर । मेहनत करने का जज्बा हो और सही समय पर सहयोग मिल जाए तो सफलता की राह आसान हो जाती है। ग्राम पंचायत पतोरा, विकासखंड पाटन की वीणा साहू ने इसे अपनी मेहनत से साबित कर दिखाया है। बिहान योजना के तहत स्व-सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने स्वरोजगार की राह पकड़ी और आज मेडिकल स्टोर के सफल संचालन से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गई हैं। कभी अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने का सपना देखने वाली वीणा आज सालाना करीब 2.50 लाख रूपए की आमदनी अर्जित कर रही हैं।

वीणा साहू 28 जुलाई 2019 को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत नर्मदा माता महिला समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बचत, ऋण और स्वरोजगार के महत्व को समझने का अवसर मिला। उन्होंने समूह से मिले सहयोग को अपनी आजीविका का मजबूत आधार बनाने का निर्णय लिया।

मेडिकल स्टोर व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए वीणा को 15 हजार रिवॉल्विंग फंड और 60 हजार सामुदायिक निवेश निधि के रूप में मिला। इसके साथ ही उन्होंने 1.50 लाख का बैंक ऋण लेकर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। प्राप्त राशि से दुकान में आवश्यक दवाइयों और मेडिकल सामग्री का स्टॉक बढ़ाया। धीरे-धीरे उनका कारोबार आगे बढ़ने लगा और आसपास के ग्रामीणों को भी स्थानीय स्तर पर जरूरी दवाइयां उपलब्ध होने लगीं। आज वीणा साहू का मेडिकल स्टोर उनके परिवार की आर्थिक मजबूती का आधार बन चुका है। बेहतर व्यवसाय प्रबंधन और निरंतर मेहनत से उनकी वार्षिक आय लगभग 2.50 लाख रूपए तक पहुंच गई है। इससे वे परिवार की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर पा रही हैं। वीणा साहू ने बताया कि बिहान समूह से जुड़ने के बाद उनके भीतर आत्मविश्वास बढ़ा। समूह से मिले आर्थिक सहयोग ने उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने और आगे बढ़ाने का हौसला दिया। आज उनकी कहानी ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने और अपनी पहचान बनाने की प्रेरणा दे रही है।

कंचन बाग टंकी में कम जलभराव की शिकायत,महापौर पहुंचे मौके पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 5 नवम्बर। लखोली कंचनबाग क्षेत्र मे कम पानी आने की शिकायत पर आज सुबह महापौर मधुसूदन यादव, निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम तथा तकनीकि अधिकारियो के साथ प्रभावित क्षेत्र एवं पानी टंकी का निरीक्षण कर पार्षदों से चर्चा किए।

उल्लेखनीय है कि कंचन बाग स्थित 13.50 लाख लीटर क्षमता वाली पानी टंकी में विगत दिनों से पानी का भराव कम होने से प्रभावित वार्ड क्रमशः वार्ड नं. 30,31 और 32 में कम समय तक और कम प्रेशर के साथ पानी आने की सूचना संबंधित वार्ड के पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर, चंद्रशेखर लश्करे एवं रीना सिन्हा द्वारा महापौर मधुसूदन यादव को दी गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आज सुबह महापौर यादव ने कंचन बाग टंकी निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा की एवं वस्तु स्थिति की जानकारी लिए। उन्होंने टंकी में पूर्ण रूप से पानी का भराव होने पर ही पेयजल सप्लाई शुरू करने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित वाल्वमेन इसका विशेष ध्यान रखेगे। किसी भी प्रकार की समस्या पर संबंधित अधिकारी को अवगत करायेगे। स्थिति में सुधार होते तक प्रभावित क्षेत्र में टैंकर से पानी सप्लाई करना सुनिश्चित करेगे।

पेयजल आपूर्ति ठीक करने का दिया आश्वासन



महापौर यादव ने कहा कि कंचन बाग टंकी बड़े आकार की होने के कारण दोनों समय पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। इसके लिए इस टंकी हेतु अलग से राइजिंग पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। आगामी जनवरी माह तक शाम के समय भी पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने इसके लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की। वहीं निगम आयुक्त जी. आर. मरकाम ने वालमेनों को फटकार लगाते हुए कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होने संबंधित अधिकारियो से कहा कि पेयजल जैसे महत्वपूर्ण विषय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, सुचारू पेयजल के लिए सतत मानिटरिंग करें, किसी भी प्रकार की समस्या पर उसका समाधान करें। निरीक्षण की कडी में महापौर यादव एवं आयुक्त मरकाम शिवनाथ कालोनी पहुच कालोनी वासियो से रूबरू हो उद्यान में जीम उपकरण एंव अन्य आवश्यक सुविधा की मांग पर जल्द सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने वार्ड में चल रहे विकास कार्य का निरीक्षण कर रोड नाली निर्माण कार्य मे गुणवत्ता एवं समय सीमा का ध्यान रखते हुए कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लाईट संबंधी समस्या पर मरम्मत करने एवं ट्युबलर पोल लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि संतोष निर्मलकर, विजय सिन्हा, वार्डवासी देवी लाल शर्मा, लाला कुमावत, आशा दिपांकन, निशा गौतम, कल्पना सराफ, विजय शर्मा, अधिवक्ता चैथवानी सहित प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, उप अभियंता अनुप पाण्डे सहित कर्मचारी गण उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

साल्हेवारा के बाद अब गंडई में भी सोनोग्राफी सेंटर सीलबंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ अवैध संचालन की शिकायत पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

साल्हेवारा/गंडई/खैरागढ़, 5 नवम्बर। जिले में अवैध रूप से संचालित सोनोग्राफी सेंटरों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। साल्हेवारा के बाद अब गंडई स्थित ए ग्रुप ऑफ बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर को भी सीलबंद कर दिया गया है। इस कार्रवाई से जिले में अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों में हड़कंप मचा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत गंडई के सामने संचालित ए ग्रुप ऑफ बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर के संबंध में अवैध रूप से सोनोग्राफी सेंटर संचालन किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के बाद कलेक्टर एवं समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया। समिति ने जांच कर अपना प्रतिवेदन जिला सलाहकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।

जिला सलाहकार समिति पीसीपीएनडीटी के निर्णय तथा कलेक्टर एवं समुचित प्राधिकारी के आदेश के पालन में 4 नवंबर 2026 को गठित टीम ने उक्त डायग्नोस्टिक सेंटर को सीलबंद करने की कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा, जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. मनजीत बघेल, डॉ. पंकज वैष्णव, डॉ. बोधन सिंह परते एवं डॉ. विवेक बिसेन सहित टीम के सदस्य उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य हितों एवं पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए जिले में इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

साल्हेवारा के बाद गंडई में हुई इस कार्रवाई को जिले में अवैध सोनोग्राफी संचालन के विरुद्ध प्रशासन की सख्ती और स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है।

एक नजर

एसपी के केबिन में पहुंचा सांप, सुरक्षित रेस्क्यू

कोरबा, 5 नवंबर। एसपी ऑफिस के केबिन में अचानक कॉमन वुल्फस्नेक सांप के घुस आने से दहशत का माहौल बन गया। सांप को देखने के बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग के मार्गदर्शन में आरसीआरएस (त्मचजपसम ब्तम दंक त्मेबनमतै वबपमजल) की रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया। सूचना मिलते ही आरसीआरएस अध्यक्ष अविनाश यादव अपने सदस्य मानस और अतुल के साथ मौके पर पहुंचे और काफी सावधानी से केबिन मे सर्च अभियान चलाया गया कुछ देर की मशक्कत के बाद बॉबी श्रीवास ने सांप का सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर लिया। रेस्क्यू के दौरान आरसीआरएस टीम ने मौके पर मौजूद लोगों को सांप से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और उसे किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचाने की समझाइश दी। रेस्क्यू किए गए नाग को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ने की कार्रवाई की गई। वन विभाग और आरसीआरएस की संयुक्त रेस्क्यू पहल से एक बार फिर मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व और वन्यजीव संरक्षण का संदेश सामने आया। टीम ने लोगों से अपील की कि घर, खेत, पोल्ट्री फार्म या अन्य स्थानों पर सांप दिखाई देने पर उसे मारने या खुद पकड़ने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग या प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम को सूचना दें।

खुशी पड़वार ने कत्थक नृत्य में दूसरे स्थान पर आकर बढ़ाया जिले का मान

कोरबा, 5 नवंबर। सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी कोरबा ईस्ट की छात्रा खुशी पड़वार ने मध्य प्रदेश के अशोकनगर (मालवा क्षेत्र) में आयोजित 'क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव-2026' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। संत रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरस्वती शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित इस 5-स्तरीय प्रतियोगिता में खुशी का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने पहले जिला स्तर पर प्रथम, फिर अकलतरा में आयोजित संभाग व राज्य स्तरीय स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय (त्महपवदंस) स्तर के लिए क्वालिफाई किया था। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

जेसीआई कोरबा सेंट्रल की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न, हर्ष गुप्ता बने अध्यक्ष

कोरबा, 5 नवंबर। जेसीआई कोरबा सेंट्रल की वर्ष 2027 की नई कार्यकारिणी का चुनाव मंगलवार (3 अक्टूबर 2026) को होटल औरा गोल्ड टी. पी. नगर कोरबा में किया गया। जिसमें वर्ष 2027 के लिए जेसी हर्ष गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही साथ उपाध्यक्ष एवं निर्देशक के पदों में भी नियुक्ति की गई। उपाध्यक्ष प्रबंध जेसी अंश अग्रवाल, उपाध्यक्ष समाज सेवा जेसी प्रवेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष व्यक्तित्व विकास जेसी ज्योति बाला आनंद, उपाध्यक्ष संवर्धन एवं विकास जेसी मोहित सिंगल ,कोषाध्यक्ष जेसी प्रियम अग्रवाल, निर्देशक संवर्धन एवं विकास जेसी संभव अग्रवाल, निर्देशक समाज सेवा जेसी साजन अग्रवाल, निर्देशक व्यक्तित्व विकास जेसी दीपेश अग्रवाल एवं निर्देशक व्यवसाय जेसी ऋषभ अग्रवाल को चयनित किया गया। वर्ष 2027 के समन्वयक जेसी योगेश गोयल और जेसी सनी मित्तल को चुना गया। चयनित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 2026 के अध्यक्ष जेसी सीए त्रिलोकीनाथ बजाज ने की। चुनाव अधिकारी के रूप में जेसी सीए अभिषेक अग्रवाल, जेसी उत्कर्ष अग्रवाल, जेसी सीए आशीष अग्रवाल एवं जेसी सन्नी मित्तल की नियुक्ति की गई थी।

दीपावली व आगामी त्योहारों के मद्देनजर एसपी ने ली राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक

बाजारों में सुरक्षा व सुगम यातायात व्यवस्था के लिए बनाई गई विस्तृत कार्ययोजना

विजिबल, फील्ड व प्रिवेंटिव पुलिसिंग पर दिया गया विशेष जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 5 नवम्बर। आगामी दीपावली एवं अन्य त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों की बैठक लेकर जिले में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान पुलिस की सक्रिय एवं प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विजिबल पुलिसिंग, फील्ड पुलिसिंग एवं प्रिवेंटिव पुलिसिंग पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान पुलिस की उपस्थिति केवल प्रमुख चौराहों एवं निर्धारित ड्यूटी स्थलों तक सीमित न रहे, बल्कि बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार फील्ड में सक्रिय रहें। सभी थाना प्रभारी स्वयं मैदानी स्तर पर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण करें तथा आम नागरिकों एवं व्यापारियों से निरंतर संवाद बनाए रखें।

बाजारों में यातायात एवं नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान : दीपावली के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ एवं वाहनों के दबाव को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए। प्रमुख बाजारों में पार्किंग व्यवस्था, नो-पार्किंग जोन, आवश्यकतानुसार ट्रैफिक डायवर्जन एवं पैदल आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया।

प्रमुख बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों पर पीक आवर्स के दौरान अस्थायी पुलिस सहायता केंद्र/हेल्प डेस्क अथवा अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने की तैयारी करने के निर्देश दिए गए, जिससे नागरिकों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध हो सके।

रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर विशेष निगरानी: त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर सिविल टीम तथा संबंधित थाना टीमों द्वारा विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। संदिग्ध गतिविधियों, असामाजिक तत्वों एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर सतत नजर रखने के साथ ही आवश्यकतानुसार चेकिंग एवं पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने को कहा गया।

व्यापारियों के साथ समन्वय एवं संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम: सराफा व्यापारियों, चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं अन्य प्रमुख व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें त्योहारों के दौरान संपत्ति संबंधी अपराधों, चोरी, उठाईगिरी, पॉकेटमारी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के आवश्यक उपाय अपनाने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने के लिए व्यापारियों से समन्वय स्थापित करने को कहा गया।

कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी एवं त्वरित रिस्पॉन्स: प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों की कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस बल एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। पेट्रोलिंग टीमों एवं थाना प्रभारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर त्वरित रिस्पॉन्स सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था: पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली एवं मड़ई-मेला सहित आगामी पारंपरिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारी करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, यातायात एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारियों को आयोजनों की पूर्व जानकारी लेकर आवश्यक पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।



अवैध गतिविधियों एवं अपराधों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

आगामी त्योहारों के मद्देनजर असामाजिक तत्वों एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई प्रभावी रूप से करने के निर्देश दिए गए। अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करने के साथ ही जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग करने तथा किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि को प्रारंभिक स्तर पर ही रोकने के लिए प्रिवेंटिव पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान पुलिस का व्यवहार आम नागरिकों के प्रति सहयोगात्मक एवं संवेदनशील रहे, वहीं कानून-व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए। पुलिस का उद्देश्य त्योहारों के दौरान जिले में सुरक्षित वातावरण, सुगम यातायात व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करना है, ताकि आम नागरिक निर्भय होकर हर्षोल्लास के साथ दीपावली का पर्व मना सकें।

ग्राम छतौद में नवनिर्मित यादव भवन का उद्घाटन



■ लक्ष्मी वर्मा रहीं मुख्य अतिथि एवं स्वाति वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में हुईं शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा, 5 नवम्बर। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा ग्राम छतौद में नवनिर्मित यादव भवन के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं तथा स्वाति वर्मा, सभापति जिला पंचायत रायपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि द्वारा विधिवत नवनिर्मित यादव भवन का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों ने समाज के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यादव भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि समाज की एकता, संगठन, संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह भवन समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

स्वाति वर्मा ने समाज की एकजुटता और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि संगठित समाज ही विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है।

कार्यक्रम में यादव समाज के जिलाध्यक्ष जागेश्वर यादव, उपाध्यक्ष सोनू यादव, सचिव टिल्लू यादव, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, ओमप्रकाश ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत छतौद सहित समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक बंधु एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सभी ने समाज की प्रगति, एकता एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस दिवाली वार्डों में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 5 नवम्बर। इस दिवाली वार्डों में पर्याप्त रोशनी एवं कई क्षेत्रों में व्याप्त अंधेरा को ध्यान में रखकर अंधेरा एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में नगर निगम द्वारा नई लाईट लगाने तथा विद्युत पोलो की खराब लाईटे बदलने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही लाईटो का मरम्मत भी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमा क्षेत्र में लगभग 1000 नई एलएईडी लाईट लगाई गयी है। इस प्रकार नगर निगम नागरिकों को उनकी सुरक्षा व वार्डो में पर्याप्त रोशनी को दृष्टिगत रख दीपवली पर्व पर रोशनी का उपहार दे रही है।

महापौर मधुसूदन यादव की पहल पर पार्षद निधि से लाईट खरीदी की शासन अनुमति पश्चात विभागीय प्रक्रिया कर वार्डो में पार्षदो की अनुशंसा अनुसार नई लाईट लगाकर पुरानी खराब लाईटे बदली गयी। इसी प्रकार महापौर सहित निगम आयुक्त जीआर मरकाम की पहल पर दीपावली में वार्डो में पर्याप्त रोशनी को ध्यान में रख वार्डो की खराब लाईटे एवं नगर निगम सीमाक्षेत्र के दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र तथा मुख्य मार्गो के चैक चैराहो में फोकस लाईट लगाया गया।

रेवाडीह चैक जहॉ दुर्घटना की ज्यादा संभावना रहती है, वहा हाईमास्ट लाईट लगाया गया साथ ही शहर के मुख्य चैक चैराहो में भी हाईमास्क

51 वार्डो में लगभग 1000 नई एलइडी लाइट लगी



लगाया गया है। इसके अलावा मुख्य मार्गो के डिवाईडर में लगे पुराने पोल निकाल नये ट्युबलर पोल लगाये गये है। साथ ही नेशनल हाईवे रोड पारीनाला चैक से ट्रासपोर्ट नगर चैक तक पुरानी लाईट बदल कर 150 वाट की लगभग 300 नई लाईट लगायी गयी है।

वार्डो में विद्युत व्यवस्था दुरूस्तीकरण के तहत अब तक 51 वार्डो में लगभग 1000 नई लाईट आवश्यकता अनुसार 60 एवं 70 वॉट के एलईडी लाईट लगायी गयी है, लाईट लगाने का कार्य प्रगति पर है तथा 1500 से अधिक खराब लाईटे मरम्मत की गयी है, शेष लाईटे मरम्मत भी की जा रही है। नगर निगम का प्रयास कि वार्डो में पर्याप्त लाईट की व्यवस्था हो ताकि अंधेरा से छुटकारा मिल सके।

कोरबा के आशीर्वाद पॉइंट की लीज खत्म करने की मांग

■ नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ निगम से संचालन कराने की उठाई मांग

कोरबा, 5 नवंबर। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 15 टीपी नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक भवन (आशीर्वाद पॉइंट) के संचालन को लेकर विवाद एक बार फिर सामने आया है। भवन की लीज का नवीनीकरण समाप्त कर इसे नगर निगम द्वारा स्वयं संचालित करने की मांग उठाई गई है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड क्रमांक 44 के पार्षद कृपाराम साहू ने इस संबंध में 4 नवंबर 2026 को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में भवन के अधिक किराये, ठेकेदार की कथित मनमानी और आम लोगों को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया गया है।

ज्ञापन में बताया गया है कि नगर निगम ने इस सांस्कृतिक भवन का निर्माण मध्यम वर्गीय परिवारों को सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए किफायती सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कराया था। लेकिन वर्तमान संचालन व्यवस्था के कारण आम लोग इसका अपेक्षित लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। पाराम साहू का आरोप है कि भवन का किराया काफी अधिक होने के कारण मध्यम वर्गीय परिवार यहां शादी-विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने में असमर्थ हैं।

ज्ञापन में भवन का संचालन करने वाले ठेकेदार पर मनमाने तरीके से शुल्क वसूलने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि ठेकेदार ने भवन के एक हिस्से को टेंट के सामान के गोदाम के रूप में इस्तेमाल कर रखा है। इसके अलावा कार्यक्रम आयोजित करने वाले लोगों को ठेकेदार के ही टेंट, लाइट, एसी, डीजे साउंड सिस्टम और कैटरिंग की सुविधाएं लेने के लिए बाध्य किए जाने की शिकायत भी की गई है। इससे कार्यक्रम आयोजित करने वालों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष के अनुसार, आशीर्वाद पॉइंट की संचालन व्यवस्था और अधिक किराये को लेकर पहले भी महापौर और नगर निगम आयुक्त से कई बार शिकायत की जा चुकी है। स्थानीय नागरिकों की ओर से भी ज्ञापन सौंपकर भवन की व्यवस्था में बदलाव की मांग की गई थी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में महापौर और आयुक्त की ओर से भी लीज अवधि समाप्त होने के बाद भवन को नगर निगम द्वारा स्वयं संचालित करने का आश्वासन दिया गया था। कृपाराम साहू ने अपने ज्ञापन में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) के प्रस्ताव क्रमांक 675, दिनांक 20 नवंबर 2024 का भी हवाला दिया है। उनके मुताबिक, लगातार मिल रही शिकायतों के बाद इस प्रस्ताव में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि भविष्य में भवन की लीज का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा और जनहित में इसका संचालन नगर निगम स्वयं करेगा। उन्होंने प्रशासन से इस निर्णय पर अमल कराने की मांग की है।

डॉक्टर ने किया चोटग्रस्त आँख का सफल आपरेशन, डॉ. मुकेश साहू फिर मसीहा साबित हुए

बच्ची को माँ -बाप से ज्यादा भरोसा हुआ डॉक्टर पर!

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 5 नवम्बर। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और उनकी आंखों में रोशनी बनाए रखने का संकल्प लेकर काम कर रहे गैंदाटोला के नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश कुमार साहू एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के चलते चर्चा में हैं। चॉकलेट वाले डॉक्टर के नाम से प्रसिद्ध मुकेश साहू ने आठवीं कक्षा की छात्रा वेदिका की दाईं आंख का सफल ऑपरेशन कराकर उसकी आंखों की रोशनी सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खास बात यह है कि जिस बच्ची के मन में अपने परिवार से भी पहले मुकेश साहू के प्रति भरोसा जागा, उसी भरोसे ने समय रहते उपचार का रास्ता खोल दिया। उनकी इस पहल ने डॉक्टर और मरीज के रिश्ते में विश्वास, अपनापन और मानवीय संवेदना की एक प्रेरक मिसाल पेश की है।

जिले में कलेक्टर जितेंद्र यादव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न के निर्देश पर शालेय नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। विकासखंड छुरिया में बीएमओ डॉ. उमेश भगत एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी



अंधत्व नियंत्रण विजय मेश्राम के मार्गदर्शन में चल रहे स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश कुमार साहू को बच्चों की आंखों की जांच एवं उपचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुकेश साहू ने अभियान के अंतर्गत 20 मिडिल स्कूलों के लगभग 2123 बच्चों की आंखों की जांच की। इस दौरान 42 बच्चों को शासन की ओर से निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की गई, वहीं 76 बच्चों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। इस अभियान के दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गैंदाटोला में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्रा कु. वेदिका, पिता अरुण सेन का मामला सामने आया। वेदिका पहले से ही जन्मजात मोतियाबिंद की समस्या से पीड़ित थी। पिछले वर्ष उसकी दोनों आंखों का ऑपरेशन कराया जा चुका था। इसी बीच चोट लगने के कारण उसकी दाईं आंख में दोबारा गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। बच्ची ने चोट लगने की बात अपने परिवार को भी नहीं बताई, लेकिन जब वह घूमते-फिरते अस्पताल पहुंची तो सबसे पहले अपनी परेशानी मुकेश साहू को बताई। यह घटना बताती है कि बच्चों के मन में मुकेश साहू के प्रति कितना गहरा विश्वास है। अस्पताल और इलाज के नाम से घबराने वाले बच्चे उनके पास बिना किसी झिझक के अपनी परेशानी लेकर पहुंचते हैं। वेदिका का भरोसा देखकर मुकेश साहू ने भी बिना समय गंवाए बच्ची के उपचार की जिम्मेदारी उठाई। बच्ची की आंख की स्थिति को देखते हुए परिवार के लोग काफी चिंतित और परेशान थे। उन्हें आशंका थी कि कहीं उनकी बेटी की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए न चली जाए। ऐसे कठिन समय में मुकेश साहू ने परिवार को ढांढस बंधाया और उपचार के लिए तत्काल पहल की। उन्होंने 29 अक्टूबर 2026 को वेदिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में भर्ती कराया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उपचार की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद 31 अक्टूबर 2026 को बच्ची की दाईं आंख का सफल ऑपरेशन किया गया। उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार होने पर 2 नवंबर 2026 को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। समय पर उपचार और उचित चिकित्सकीय देखरेख से बच्ची को नई उम्मीद मिली। इस पूरे घटनाक्रम में मुकेश साहू की तत्परता और संवेदनशीलता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुकेश कुमार साहू को पूरे प्रदेश में चॉकलेट वाले डॉक्टर के रूप में पहचान मिली है। बच्चों को चॉकलेट बांटना उनके लिए केवल एक शौक या पहचान नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का एक मानवीय तरीका है। वे जानते हैं कि छोटे बच्चों के मन में अस्पताल, जांच और ऑपरेशन को लेकर डर रहता है। ऐसे में चॉकलेट देकर और प्यार से बातचीत कर वे बच्चों के मन से इस डर को दूर करने का प्रयास करते हैं।

बेहतर से और बेहतर व्यवस्था करने का प्रयास

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण को २६ साल हो गए हैं।इस दौरान भाजपा व कांग्रेस की सरकारें रहीं है। सभी सरकारों ने अपने समय में जनहित व राज्यहित के कई उल्लेखनीय काम किए हैं। इससे राज्य का विकास हुआ है। लोगों के लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्था बनाने का प्रयास हुआ है। राज्य का जो भी विकास हुआ है, राज्य के लोगों को जो भी बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिली है, उसके लिए सभी सरकारों ने अपने समय में सराहनीय काम किया है।राज्य बनने के बाद सबसे ज्यादा समय तक राज्य की जनता ने भाजपा को काम करने का मौका दिया है, इसलिए सबसे ज्यादा जनहित व राज्य हित में काम करने का मौका भाजपा को मिला है।राज्य के विकास में सबसे ज्यादा विकास के काम भाजपा सरकारों ने किए हैं तो स्वाभाविक रूप से इसका श्रेय तो उनको मिलना ही चाहिए। भाजपा के लिए कहा जा सकता है कि उसने अपने पहले १५ साल में राज्य के लोगों को बेहतर व्यवस्था देने प्रयास किया तो साय सरकार के समय कहा जा सकता है कि साय सरकार ने पिछली तमाम सरकारों से बेहतर व्यवस्था देने का काम किया है और इसका लाभ राज्य के लोगों को मिल रहा है और राज्य के लोग मानते हैं कि साय सरकार ने सुशासन का वादा किया और अपना वादा तीन साल मे काफी कुछ पूरा किया है और बचे दो साल में भी वह लोगों को और बेहतर व्यवस्था व सुविधा देने का प्रयास करेगी और इस दौरान लोगों को सुशासन का एहसास हर क्षेत्र में होगा।

हर साल नवंबर में राज्य स्थापना दिवस पर उत्सव मनाया जाता है। इस साल भी सोल्लास राज्योत्सव एक से तीन नवंबर तक मनाया गया। राज्य के विकास का जश्न मनाया गया। राज्य के लोगों को बताया गया कि राज्य ने दो ढाई दशक की यात्रा में कितना विकास किया है। राज्य की क्या उपलब्धियां रही हैं।तीन दिन राज्य के लोगों में उल्लास रहा। इस मौके पर राज्य के निर्माण से लेकर राज्य के विकास में अटल बिहारी बाजपेयी व नरेंद्र मोदी की भूमिका को याद किया गया। याद किया गया कि अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य के लोगों से वादा किया था कि वह अगर भाजपा को दस सांसद देंगे तो वह बदले में लोगों को छत्तीसगढ़ राज्य देंगे।यहां की जनता ने भाजपा को दस सांसद दिए तो अटल बिहारी वाजपेयी ने उनको छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी।२६ सालो में राज्य में बहुत बदलाव हुआ है इसका बहुत कुछ श्रेय अटलबिहारी वाजपेयी व नरेंद्र मोदी को जाता है।

पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने गांवों तक सड़कों के लिए पीएमजीएसवाय जैसी बड़ी योजनाएं लाईं,एम्स जैसी अस्पताल की सौगात दी।पीएम मोदी ने प्रदेश के नवनिर्माण की गारंटी दी।दशकों तक छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के कारण विकास के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ था।पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन साय सरकार ने सुनियोजित रणनीति बनाकर ३१ मार्च २६ तक नक्सलवाद को समाप्त करने का फैसला और ऐसा करके दिखाया भी है। सही मायने में कहा जाए तो साय सरकार की सबसे बड़ी सफलता तो नक्सलवाद का समूल नाश है।क्योंकि होने को तो कांग्रेस की सरकार भी यहां हुई लेकिन वह सोच नहीं पाई कि नक्सलवाद को समाप्त किया जा सकता है।इसी के साथ पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के लोगों के साथ ही राज्य के लोगों को भी हितग्राहीमूलक योजनाएं बनाकर पक्का घर,नल से पानी,गैस की सुविधा, बिजली की सुविधा मुहैया कराई गई है। राज्य के लोगों के पास आज वह सब न्यूनतम सुविधाएं जो सभी के लिए बहुत जरूरी होती है। जब छत्तीसगढ़ राज्य बना था तो धान का कटोरा होने के बाद भी राज्य में धान खरीदी की कोई व्यवस्था नहीं थी।तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह के नेतृत्व में धान खरीदी व पीडीएस का माडल बनाया गया।इससे राज्य में किसानों का दाना दाना धान आज खरीदना संभव हुआ है तो गांव गांव तक लोगों को राशन भी आसानी से मिल रहा है। राज्य के लिए धान खरीदी व अनाज वितरण की व्यवस्था सबसे जरूरी होती है और आज यह दोनों व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास साय सरकार कर रही है। तकनीक का उपयोग कर साय सरकार ने दोनों व्यवस्था पिछली सरकारों की व्यवस्था से बेहतर बनाने में सफल है। आज राज्य में अनाज एटीएम से लोग कहीं भी राशन ले सकते हैं तो किसान आसानी के अपना धान बेचते हैं तो उनके खाते में पैसा आसानी से आ जाता है।देश में साय सरकार के समय राज्य के किसानों को धान का सबसे ज्यादा पैसा मिल रहा है।किसानों के अलावा राज्य में महिला सशक्तिकरण की तरफ साय सरकार ने अन्य राज्यों की तुलना ज्यादा ध्यान दिया है इससे राज्य की महिलाएं पहले की तुलना में आर्थिक रूप से ज्यादा सशक्त हुई हैं। साय सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य की ६८ लाख महिलाओं को हर माह एक हजार रुपए महतारी वंदन योजना के तहत सम्मान राशि देती है।इससे महिलाएं पहले की तुलना में आज खुद को सशक्त महसूस करती है,उनको छोटे छोटे खर्च के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता है।इसके अलावा राज्य की १४ लाख महिलाएं उद्ममशीलता की राह अपनाकर लखपति दीदी बन गई है और दूसरी महिलाओं को प्रेरित भी कर रही है।साय सरकार ने युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी,उद्यमियों के नई औद्योगिक नीति बनाकर,रोजगार बढ़ाने के लिए ८.६०लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी है। हर क्षेत्र में विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।राज्योंत्सव के समापन पर आए अमित शाह ने सच कहा है कि राज्य स्थापना दिवस गौरव,सिध्दि व संकल्प का दिन है।गौरव है कि आज के दिन राज्य बना था।आज का दिन सिध्दि को याद करने का दिन है यानी हमने क्या किया है और संकल्प लेने का दिन आगे क्या बेहतर से बेहतर करना है।

दीपावली विशेष

मिट्टी के दीपों का अस्तित्व बचाना जरूरी...

डॉ सूर्यकांत मिश्रा +



दीपावली पर्व के नजदीक आते ही त्यौहार की रौनक बनाए रखने के लिए हर परिवार साज सजावट में जुट जाता है । जैसा कि नाम से ही प्रतीत होता है कि दीपावली का पर्व दीपों का त्यौहार है । तब सबसे जरूरी चीज दीया अपना महत्व प्रकट करता महसूस किया जाता है । मिट्टी का दीया और उसे आकार देकर तैयार करने वाला कुम्हार परिवार हमारी सदियों पुरानी संस्कृति, परंपरा और कला के प्रतीक माने जाते रहे हैं । हम जिन दीपों को रोशन कर त्यौहार की खुशियां मनाते हैं , उन दीपों को बनाने में कुम्हार परिवार का हर सदस्य कड़ी मेहनत करता है । दीपों को आकार देना और आम जनता की जरूरत के हिसाब से लाखों - करोड़ों दीपों को रोशनी के लिए तैयार करना , आसान काम नहीं है । खुद कुम्हार परिवार के सदस्य बताते हैं कि दीवाली से लगभग तीन माह पूर्व वे इस निर्माण कार्य में जुट जाते हैं । नदी किनारे की चिकनी और पवित्र मिट्टी को लाकर सबसे पहले उसे छाना जाता है । पानी में भिगोकर उसे इस तरह गूंथा जाता है , कि वह मुलायम हो सके और दीपों को आकार देने पर फटने की स्थिति में न हो । मिट्टी तैयार होने के बाद उसे चाक पर चढ़ाकर दीप बनाए जाते हैं । तैयार दीपों को पहले धूप में सुखाया जाता है । फिर आग की भट्टी जिसे " आवा ' कहा जाता है, उसमें पकाकर मजबूती प्रदान की जाती है । बाजार में ग्राहकों द्वारा पसंदगी को ध्यान में रखकर पूर्ण रूप से पके दीपों को आकर्षक रंग से रंगा जाता है । हम देख रहे हैं कि देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रायः नदी किनारे अपना रैन बसेरा बनाकर कुम्हार परिवार दीपावली की तैयारी में जुटे रहते हैं ।

प्रत्येक दीपावली पर जब मिट्टी के दीए पूरे भारतवर्ष में घर - आंगन और पूजा स्थलों को प्रकाशित करते हैं , तो हमेशा जिंदा रहने वाली परंपरा जाग उठती है । यही परंपरा रोशनी को उम्मीद से , भक्ति को कारीगरी से और पीढ़ियों को उनकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखती है । हमारा दीपों का पर्व दीपावली हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन में खास स्थान रखता है । हम जानते हैं दीपों को प्रज्वलित करना अंधेरे पर रोशनी का राज करना होता है । यही अज्ञान पर ज्ञान और निराशा पर उम्मीद की किरण का जीता जागता प्रतीक माना जाता है । पीढ़ियों से लगभग हर हिंदू परिवार अपने मुख्य द्वारों पर , खिड़कियों पर , आंगनों पर और पूजा स्थल पर मिट्टी के दीयों की कतारें सजाता आ रहा है । पवित्र मिट्टी , शुद्ध जल और मानवीय हाथों के हुनर से बना पारंपरिक दीया अपने सामान्य स्वरूप से कहीं अधिक महत्व रखता है । एक दीया जब मिट्टी से होकर अपने अस्तित्व में आता है , तब मिट्टी से लेकर कारीगरी के बीच का यह रिश्ता भारतवर्ष के पारंपरिक ज्ञान का एहसास कराता है । एक मिट्टी के दिए को साधारण मान लेना हमारी नासमझी हो सकती है । कारण यह की मिट्टी के दीए का महत्व सिर्फ उसमें मौजूद लौ में ही नहीं बल्कि वह परंपराओं को जीवित रखने वाला कुम्हार का सृजन भी है । यही वह चीज है जो दीवाली का प्रतीक , कुम्हार की कला और समुदायों तथा उनके सांस्कृतिक रीति-रिवाज के बीच हमेशा रहने वाले रिश्ते को एक साथ पिरोकर सुंदर संदेश देता प्रतीत होता है । जब हम अपनी दीपावली को रोशन करने के लिए मिट्टी का दीया खरीदते हैं तब हमें एहसास होता है कि ये दीए रोशन होकर जीती जागती विरासत की कहानी अगली पीढ़ी को सुना रहे हैं।



दीपावली का पर्व कुंभकार परिवारों के लिए केवल धार्मिक महत्व ही नहीं रखता , वरन यह उनकी आजीविका का मुख्य हिस्सा भी है । वर्षभर मिट्टी के बर्तन और अन्य सामान बनाने वाले कारीगरों को दीपावली के अवसर पर दीयों की बिक्री से अच्छी आमदनी की उम्मीद हुआ करती है । दीपों के साथ अन्य सामग्री बनाना कुंभकारों की पारंपरिक कला रही है । समय के साथ दीपावली मनाने के तौर - तरीकों में बदलाव आया है । बाजार में बिजली की झालर , रंग बिरंगी लाइट , मोमबत्ती और आकर्षक सजावटी सामान अब आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं । बावजूद इन सब के मिट्टी के दीयों का महत्व कम नहीं हुआ है । दीपावली पर मिट्टी के दीपों को प्रज्ज्वलित करना सबसे शुभ माना जाता है । धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भी पूजा - अर्चना में मिट्टी के दीपों को ही प्रज्ज्वलित करने का नियम बताया गया है । मिट्टी के दीए पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी बेहतरीन विकल्प के रूप में सामने आते रहे हैं । कारण यह की उपयोग के बाद मिट्टी के दीए आसानी से मिट्टी में मिल जाते हैं । दूसरा बड़ा संदेश इस संदर्भ में यह भी है कि कुम्हार कारीगरों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीपों को खरीद कर हम उनके पारंपरिक कारोबार को सहारा दे सकते हैं । यदि गंभीरता पूर्वक विचार किया जाए तो दीपावली पर मिट्टी के दीपों का उपयोग केवल परंपरा निभाने तक सीमित नहीं है , बल्कि इससे स्थानीय हस्तकला और छोटे कारोबार को प्रोत्साहन मिलता है।

कुंभकार परिवारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती दीपों के निर्माण में लगने वाली लागत और उसकी बिक्री से होने वाली आमदनी के बीच संतुलन बनाए रखने की होती है । मिट्टी जुटाने से लेकर उसे दीपों के उत्तम निर्माण हेतु तैयार करने तक तथा दीप बनाने , सूखाने और पकाने में श्रम के अलग-अलग संसाधनों की जरूरत पड़ती है । इन सब के बाद यदि तैयार दीपों का बाजार उचित कीमत नहीं दे पता है , तो कारीगरों की मेहनत बेकार होने के साथ ही लाभ न मिलने से कारीगर परिवारों का हौसला टूट जाता है । मिट्टी के दीपों को बनाना केवल व्यावसायिक नजरों से नहीं देखा जाना चाहिए । यह पारंपरिक कला और संस्कृति का बड़ा हिस्सा माना जाना चाहिए । अत्याधुनिक मशीनों और नए सजावटी उत्पादों के दौर में इस कला को बनाए रखने के लिए कारीगरों की चुनौतियों को यदि कोई सफलता के रूप में उन्हें प्रदान कर सकता है , तो वह केवल ग्राहकों की दीपों के प्रति खरीदारी ही मानी जा सकती है । स्थानीय बाजारों में मिट्टी के दीपों को अन्य प्रकार के दीपों के आगे प्राथमिकता में रखते हुए खरीदारी करना प्रत्येक हिंदू को अपना कर्तव्य समझना चाहिए । दीपावली का संदेश अंधकार से प्रकाश की ओर कदम बढ़ाने का ही है । इस संदेश को साकार करने में मिट्टी के दीए बनाने वाले कुंभकारों की मेहनत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है । कुंभकार परिवार के हर सदस्य की निगाह दीपावली के बाजार पर टिकी होती है । उनकी उम्मीद को फलीभूत करने हर हिंदू धर्मावलंबी को बिना किसी मोलभाव के मिट्टी के दीपों की खरीदी से पीछे नहीं रहना चाहिए । रोशनी का त्योहार दीपावली भले ही रंगीन सतरंगी बल्बों से शहर की अट्टालिकाओं को रोशनी से चकाचौंध क्यों न कर रही हो , किंतु यह आस्था के प्रतीक नहीं माने जा सकते हैं । मां लक्ष्मी , गणेश और कुबेर जी के समक्ष प्रज्ज्वलित किए गए मिट्टी के दीपों में छलकने वाली आस्था का मुकाबला न तो रंग-बिरंगे बल्ब कर सकते हैं और न ही मोमबत्ती तथा आधुनिक उत्पादन के रूप में मेटल के दीप । तेल के माध्यम से प्रज्ज्वलित मिट्टी के दीए की मद्धम रोशनी परंपरा को जीवित रखते हुए " तमसो मा ज्योतिर्गमय " का संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाती प्रतीत होती है । मिट्टी का दीपक बनाने वाले कुम्हार परिवारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का " लोकल फॉर वो " एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान ऊर्जा प्रदान करता दिखाई पड़ता है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन के साथ ही प्रत्येक भारतवासी को भी यह प्रण लेने की जरूरत है , कि उनके द्वारा अपने घर - द्वारों को मिट्टी के दीपों से ही प्रकाशित किया जाएगा । इस तरह का प्रण जहां पर्यावरण को मजबूती प्रदान करेगा , वहीं कुम्हार परिवारों के घरों में भी उम्मीद की रोशनी खुशियों का संचार कर सकेगी ।

सू- दोकू क्र.209

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.208 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6

शब्द सामर्थ्य -209


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक208 का हल

दि	क्ष	त		आ	सा	न		आ
ल		भी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

राशिफल

मेष आज का दिन आपके जीवन में सुकून, खुशियां और सकारात्मकता लेकर आ सकता है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और अपने प्रिय के साथ बिताए गए खूबसूरत पल मन को प्रसन्न रखेंगे। वैवाहिक जीवन में भी खुशियों की बहार रहेगी।

वृषभ आज का दिन नई जिम्मेदारियों के साथ तरक्की के अवसर भी लेकर आ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई महत्वपूर्ण काम सौंपा जा सकता है, जिसमें अपनी योग्यता साबित करने का अच्छा मौका मिलेगा। आपकी मेहनत, ईमानदारी और काम के प्रति समर्पण वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित करेगा।

मिथुन आज आप पूरे उत्साह के साथ अपने कामकाज को आगे बढ़ाने में जुटे रहेंगे। समय पर जिम्मेदारियां पूरी करने की आपकी कोशिश अच्छे परिणाम दे सकती है। आपकी मधुर वाणी और विनम्र व्यवहार लोगों के बीच आपकी अलग पहचान बनाएंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट रखें और एक समय में एक काम पर ध्यान केंद्रित करें।

कर्क आज आपको अपने लक्ष्य से भटकने के बजाय पूरी एकाग्रता के साथ आगे बढ़ना होगा। कार्यक्षेत्र में अनुशासन और निरंतर प्रयास आपको सफलता के करीब ले जा सकते हैं। किसी काम में मनचाहा परिणाम पाने के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़े, तो पीछे न हटें। स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर भी सजग रहना जरूरी है।

सिंह आज आपको उत्साह के साथ-साथ समझदारी से भी काम लेना होगा। सुख-सुविधाओं और निजी जरूरतों पर खर्च बढ़ सकता है, इसलिए अपनी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर ही खरीदारी करें। प्रेम संबंधों में रोमांस और अपनापन बढ़ने के संकेत हैं। साथी के साथ कुछ अच्छे पल बिताने से रिश्ते में नई ताजगी आएगी।

कन्या आज किसी बड़े बदलाव के पीछे भागने के बजाय मौजूदा परिस्थितियों को संभालना आपके लिए अधिक फायदेमंद रहेगा। परिवार में किसी बात को लेकर तनाव या गलतफहमी चल रही है, तो बातचीत के जरिए उसका समाधान निकालने का प्रयास करें। मन में किसी पुराने मामले को लेकर बेचैनी रह सकती है।

तुला आज आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतना आपके लिए बेहद जरूरी होगा। किसी महत्वपूर्ण काम में अंतिम समय पर रुकावट आने से मन थोड़ा परेशान हो सकता है, लेकिन धैर्य बनाए रखें। व्यापार करने वालों को किसी भी सौदे या समझौते पर अंतिम मुहर लगाने से पहले सभी शर्तों की अच्छी तरह जांच करनी चाहिए। केवल मौखिक आश्वासन के आधार पर बड़ा फैसला लेने से बचें।

वृश्चिक आज दिन की शुरुआत में कुछ उलझनें या परेशानियां सामने आ सकती हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। धीरे-धीरे परिस्थितियां बेहतर होने लगेंगी और आपको राहत महसूस होगी। विदेश यात्रा करने या विदेश से जुड़े किसी काम को आगे बढ़ाने की योजना बन सकती है।

धनु आज साझेदारी में किए गए कामों से अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। यदि आप किसी के साथ मिलकर व्यापार या कोई नई योजना चला रहे हैं, तो आपसी तालमेल बनाए रखना विशेष रूप से फायदेमंद रहेगा। परिवार के साथ बैठकर पुरानी समस्याओं पर चर्चा करने और उनका समाधान खोजने का भी अच्छा अवसर मिलेगा।

मकर आज का दिन खुशियों, उपलब्धियों और आगे बढ़ने के नए अवसरों से भरा रह सकता है। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं और आपकी मेहनत का सकारात्मक परिणाम सामने आ सकता है। यदि आप लंबे समय से किसी अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो अपनी तैयारी मजबूत रखें। प्रेम जीवन में भी मधुरता बढ़ेगी और आपसी समझ पहले से बेहतर हो सकती है।

कुंभ आज आपको अपनी सेहत को सबसे ऊपर रखना होगा। कामकाज की व्यस्तता में खान-पान और दिनचर्या की अनदेखी करने से छोटी-मोटी परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए समय पर भोजन करें और शरीर को पर्याप्त आराम दें। कार्यक्षेत्र में आप पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ काम करेंगे, लेकिन एक साथ कई जिम्मेदारियां मिलने से मन थोड़ा बेचैन हो सकता है।

मीन आज कामकाज का दबाव कुछ अधिक रह सकता है, लेकिन आपकी मेहनत और आत्मविश्वास आपको चुनौतियों का सामना करने की ताकत देंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना हो सकती है, जिससे मनोबल बढ़ेगा और आगे बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। परिवार में मां की ओर से कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, जिसे आप पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करेंगे।

इसराइल: टूटा नेतन्याहू के अपराजित' होने का मिथक

तनवीर जाफ़री

इज़राइल के 2026 के संसदीय आम चुनावों के नतीजों के आने बाद देश में एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध की स्थिति बन गई है और किसी भी गुट को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। ग़ौरतलब है कि इस्राईल की 120 सदस्यों वाली 'नेसेट' अर्थात संसद में सरकार बनाने और पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए 61 सीटों की आवश्यकता होती है। परन्तु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिकुड पार्टी व अन्य सहयोगी दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन को कुल 53 सीटें मिली हैं। जबकि इसमें उनकी स्वयं की 'लिकुड' पार्टी को 27 सीटें मिली हैं। 27 सीटें जीतकर 'लिकुड' पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर तो ज़रूर उभरी है परन्तु इसके बावजूद नेतन्याहू का दक्षिणपंथी गठबंधन बहुमत के जादुई आंकड़े यानी 61 सीटों तक नहीं पहुँच सका और बहुमत से 8 सीटें कम रह गया। बेंजामिन नेतन्याहू का कहना था कि उनका उद्देश्य एक मज़बूत दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सरकार बनाना है। इस चुनाव का एक और आकर्षण अरब नेतृत्व वाली पार्टियां का 19 सीटों पर जीत दर्ज करना भी है । अरब लोग इस्राईल की कुल जनसंख्या का क़रीब 21 प्रतिशत हैं। इस्राईल के इतिहास में यह अरब पार्टियों का अब तक का ऐतिहासिक व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। जबकि गादी आइज़नकोट का मुख्य विपक्षी गठबंधन 48 सीटें जीत पाया है। माना जा रहा है कि किसी भी बड़े गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण अब इस्राईल में सरकार बनाने के गठबंधन की जोड़-तोड़ और बातचीत का लंबा दौर चल सकता है । निश्चित रूप से इन चुनाव परिणामों ने इस्राइली समाज के गहरे मतभेद उजागर किए हैं। इस्राईल में हुआ यह चुनाव कितना महत्वपूर्ण था इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें यहूदी और अरब दोनों ही मतदताओं की ओर से रिकॉर्ड संख्या में मतदान में हिस्सा लिया गया। इसके अतिरिक्त अनेक मतदाताओं ने हज़ारों डॉलर ख़र्च कर विदेशों से आकर मतदान में हिस्सा लिया। नेतन्याहू की पार्टी व उनके नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल न होने के पीछे जो मुख्य कारण माने जा रहे हैं उनमें एक तो यह कि यह चुनाव एक ऐसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुये जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग चुके हैं। इसके अतिरिक्त नेतन्याहू पर 7 अक्तूबर से पहले इस्राईल की रक्षा करने में नाकाम रहने का भी आरोप है। विपक्षी नेताओं व समाज के एक बड़े वर्ग द्वारा इसकी जांच की मांग भी होती रही है, लेकिन नेतन्याहू इस जांच के लिए कभी तैयार नहीं हुये। इसलिये इस्राईली समाज का एक बड़ा वर्ग 7 अक्तूबर की घटना को एक सुनियोजित व सत्ता प्रायोजित साज़िश के संदेह से भी इनकार नहीं करता। अब इस्राईल में नई सरकार बनाने को लेकर भी तरह तरह के क़यास लगाये जा रहे हैं। इतने अलग-अलग विचारों और राजनीतिक



हितों को एक सरकार के रूप में साथ लाना अब इस्राईल की राजनीति के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार बनाने के लिये क्या नेतन्याहू अपने धार्मिक सहयोगियों को छोड़कर विपक्षी गुट के दक्षिणपंथी नेताओं के साथ गठबंधन बनाने के लिए तैयार होंगे? और क्या वे नेता, जो लंबे समय से नेतन्याहू के विरोधी रहे हैं, उनके साथ सरकार में शामिल होने के लिए तैयार होंगे? क्या विपक्षी गठबंधन अपने चुनावी वादों का बड़ा हिस्सा छोड़कर नेतन्याहू को सत्ता से बाहर करने के लिए अरब पार्टियों के साथ सहयोग करने को तैयार है? और क्या अरब पार्टियां ऐसी सरकार में शामिल होने का जोखिम उठाएंगी, जो कुछ ही महीनों में गिर सकती हो ? यह सवाल इस्राईल के राजनैतिक भविष्य के लिये सबसे महत्वपूर्ण हैं। इस बीच इस्राइल के वरिष्ठ वामपंथी डेमोक्रेट नेता यायर गोलान ने विपक्षी गुट से अरब पार्टियों के साथ साझेदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि "हमें अब नेतन्याहू द्वारा यहूदी और अरब वोटों के बीच किए जा रहे नस्लवादी विभाजन को स्वीकार नहीं करना चाहिए। "चुनाव परिणामों और विश्लेषकों के रुख़ को देखें तो यह स्पष्ट है कि नेतन्याहू की कट्टर, ध्रुवीकरण करने वाली और अत्यधिक आक्रामक छवि ने उन्हें गंभीर राजनीतिक नुक़्सान पहुँचाया है। अक्टूबर 2023 के हमास हमलों के बाद से इस्राइल लगातार युद्ध की स्थिति में है। नेतन्याहू ने ईरान, गज़ा और लेबनान में 'सैन्य सफलताओं' को भुनाने की कोशिश भी की। लेकिन देश की जनता का एक बड़ा हिस्सा लगातार जारी युद्ध की अनिश्चितता, बंधकों की घर वापसी में विफलता और देश के आर्थिक नुक़्सान से थक चुका था। इसी ने नेतन्याहू की 'अजेय सुरक्षा प्रदाता' वाली छवि को चोट पहुंचाई। नेतन्याहू के मौजूदा गठबंधन में धुर-दक्षिणपंथी और कट्टरपंथी वे यहूदी नेता भी शामिल थे, जिन्होंने वेस्ट बैंक में आक्रामक नीतियों को बढ़ावा दिया। इसके चलते इस्राइल के उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और यूरोपीय मूल के यहूदी नागरिकों में यह डर बढ़ गया था कि यह कट्टरता इस्राइल के लोकतांत्रिक ढांचे को ख़त्म कर रही है, जिससे तेल अवीव की सड़कों पर उनके ख़िलाफ़ भारी विरोध प्रदर्शन हुए। इसके अलावा चुनाव प्रचार के दौरान नेतन्याहू ने यहूदी राष्ट्रवादियों को एकजुट करने के लिए सोशल मीडिया पर आक्रामक बयानबाज़ी की और अरब नागरिकों पर 'चुनाव चुराने' का आरोप लगाया। नेतन्याहू के इस आक्रामक रुख़ ने डर पैदा करने के बजाय अरब मतदाताओं को एकजुट कर दिया, जिसके कारण उन्होंने रिकॉर्ड संख्या में बाहर निकलकर नेतन्याहू व उनके गठबंधन के ख़िलाफ़ वोट डाला। युद्ध के इस दौर में भी नेतन्याहू द्वारा कट्टरपंथी रूढ़ीवादी यहूदियों को सेना की अनिवार्य सेवा से छूट देना भी आम इस्राइलियों को रास नहीं आया, जो लंबे समय से मोर्चे पर लड़ रहे हैं। विपक्ष ने इसे भी एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था । इस्राईल के चुनाव परिणाम से यह संकेत भी साफ़ है कि नेतन्याहू ने भले ही अपनी लिकुड पार्टी को सबसे बड़े दल के रूप में बचा लिया हो, लेकिन उनकी आक्रामक और ध्रुवीकरण की राजनीति ने उनके विरोधियों और देश के अरब अल्पसंख्यकों को इस क़दर लामबंद कर दिया कि वे स्पष्ट बहुमत से 8 सीटें दूर रह गए। इसलिये कहना ग़लत नहीं होगा कि इस्राईल में बदलाव की चाहत रखने वाले और उनके कट्टर रवैये से असहमत लोगों ने उनके 'अपराजित' होने के मिथक को ध्वस्त कर दिया है।

दीपावली से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए खाद्य विभाग ने चलाया जांच अभियान

मोहसिन ट्रेडर्स से देवभोग स्वीट्स और अम्बे बीकानेर स्वीट्स तक निरीक्षण कर तेल के नमूने लिए

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 5 नवंबर । जुगल किशोर डंडौतिया दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में मिलावटी एवं गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देश पर जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों और मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर नमूने एकत्र किए जा रहे हैं।

30 अक्टूबर को दंतेवाड़ा में हुई जांच

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 30 अक्टूबर को दंतेवाड़ा स्थित मोहसिन ट्रेडर्स से देशी गाय घी, फॉर्च्यून बेसन एवं भगवती तुअर दाल के विधिक नमूने तथा श्रीमूल देशी गाय घी का निगरानी नमूना लिया। वहीं देवभोग स्वीट्स से सफेद पेड़ा का विधिक नमूना संकलित किया गया।आंवराभाटा स्थित अम्बे बिकानेर स्वीट्स का भी निरीक्षण किया गया। यहां से कलाकंद एवं महालक्ष्मी नमकीन मिक्सचर के विधिक नमूने तथा आम पापड़ रोल, चॉकलेट बर्फी और श्री बालाजी बेकरी टोस्ट के निगरानी नमूने लिए गए।



बड़े बचेली में मसाला और तेल की जांच

इसी अभियान के तहत 3 नवंबर को बड़े बचेली स्थित कन्हैया लाल एंड संस का निरीक्षण किया गया। यहां से एवरेस्ट गरम मसाला एवं किंग्स रिफाइंड सोयाबीन तेल के निगरानी नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।विभाग के अनुसार जिले में कुल 13 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

त्योहारी सीजन में लगातार जारी रहेगी जांच

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बताया कि त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा। गुणवत्ताहीन एवं कालातीत खाद्य पदार्थों के नष्टीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है।विभाग की इस कार्रवाई से मिठाई एवं खाद्य सामग्री विक्रेताओं में गुणवत्ता को लेकर सतर्कता बढ़ने की उम्मीद है। उपभोक्ताओं से भी खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकिंग और उपयोग की अंतिम तिथि की जांच करने की अपील की गई है।

एक दिन में 455 एचआर कॉइल उत्पादन एनएमडीसी स्टील स्टील ने रिकॉर्ड बनाया

जगदलपुर, 5 नवंबर। एनएमडीसी स्टील के नगरनार स्टील प्लांट ने नवंबर महीने की शुरुआत शानदार ढंग से की। 3 नवंबर 2026 को एनएमडीसी स्टील स्टील में एक ही दिन में 455 हॉट रोल्ड (।क्र) कॉइल का उत्पादन किया गया। यह प्लांट की शुरुआत से लेकर अब तक का एक दिन का सबसे अधिक ।क्र कॉइल उत्पादन है। 24 घंटे के भीतर 455 ।क्र कॉइल का उत्पादन, ह्रस्रु की हॉट स्ट्रिप मिल की तकनीकी उत्कृष्टता और ह्रस्रष्ट स्टील के कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता को बखूबी दर्शाता है।एनएमडीसी के महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख रफीक अहमद जिनाबड़े ने बताया कि इससे पहले, इसी महीने के पहले दिन 440 ।क्र कॉइल का उत्पादन हुआ था, जो उस समय तक का सबसे बड़ा दैनिक आंकड़ा था। गौरतलब है कि 2025-26 में नगरनार स्टील प्लांट ने 23,24,902 टन का उत्पादन किया, जो पिछले वर्ष के 14,38,646 टन के मुकाबले 63त्न की वृद्धि दर्शाता है। यही गति ।क्र कॉइल्स के एक दिन के मौजूदा रिकॉर्ड उत्पादन में भी दिखाई देती है।

बस्तर ओलंपिक में कमिश्नर डोमन सिंह ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा, 5 नवंबर । जुगल किशोर डंडौतिया बस्तर अंचल की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित बस्तर ओलंपिक की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के समापन दिवस पर बस्तर संभाग के कमिश्नर डोमन सिंह शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का अवलोकन कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

समापन दिवस पर कमिश्नर ने कबड्डी सीनियर पुरुष वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले, रस्साकसी सीनियर महिला वर्ग एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का अवलोकन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के जोश, उत्साह और खेल कौशल की सराहना करते हुए कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

इस अवसर पर कमिश्नर डोमन सिंह ने चेन्नई से आई महिला वॉलीबॉल टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। वहीं चेन्नई की टीम और दंतेवाड़ा की टीम के बीच आयोजित सद्भावना मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

पाहुरनार और बड़ेकरका के खिलाड़ियों की सराहना

कमिश्नर ने गीदम विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र पाहुरनार एवं बड़ेकरका से पहली बार बस्तर ओलंपिक में भाग लेने पहुंची वॉलीबॉल टीमों के खिलाड़ियों से संवाद किया। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों के उत्साह, लगन और खेल के प्रति समर्पण की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन दूरस्थ अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं।

कमिश्नर ने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करने और अपनी प्रतिभा को लगातार निखारने की सलाह देते हुए जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के साथ बस्तर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान एसडीएम रामसिंह सोरी, जनपद पंचायत सीईओ परमेश्वर कुर्रे सहित संबंधित अधिकारी, खेल प्रशिक्षक, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

एक नजर

49 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

सुकमा,5 नवंबर। जिले की छिंदगढ़ पुलिस ने ईको वाहन में छिपाकर ले जाई जा रही 48.740 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में आंध्र प्रदेश के रहने वाले आरोपी शेख चिन्ना (26) को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत 23,680 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। उसे न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

छिंदगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 04 नवंबर को सूचना मिली कि सुकमा की ओर से आ रहे ईको वाहन क्रमांक एपी-39-डब्लयू-5611 में अवैध रूप से शराब ले जाई जा रही है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में थाने के सामने एनएच-30 पर नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध ईको वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में शराब बोरियों और झोलों में छिपाकर रखी गई थी। तलाशी के दौरान रॉयल चैलेंज व्हिस्की के 35 पौवे, जम्मू व्हिस्की के 48 पौवे और सींबा प्रीमियम बीयर की 52 बोतलें मिलीं। पुलिस ने शराब के साथ तस्करी में इस्तेमाल ईको वाहन भी जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपी शेख चिन्ना, पिता स्व. बादशाह, मूल रूप से ग्राम जग्गम पालेम, थाना रम्पाचौड़ावरम, जिला ईस्ट गोदावरी (आंध्र प्रदेश) का रहने वाला है। वह फिलहाल ग्राम रोकेल, थाना छिंदगढ़ में रह रहा था।

रिमझिम बारिश का दौर जारी किसानों की चिंता बढ़ी

सुकमा, 5 नवंबर। जिला मुख्यालय में पहले चक्रवात अर्नब और अब मुरासु के असर से जिले में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बीती रात तेज बारिश के बाद बुधवार सुबह से रिमझिम बारिश का दौर जारी है। आसमान में घने बादल छाए हुए हैं। लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है और दिपावली की रौनक भी फीकी पड़ गई है। सबसे ज्यादा चिंता किसानों को सता रही है, क्योंकि खेतों में धान की फसल पककर तैयार है और कटाई का समय नजदीक है।लगातार बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में खड़ी और कटाई के बाद रखी धान की फसल के खराब होने का खतरा बना हुआ है। किसानों को आशंका है कि यदि बारिश इसी तरह जारी रही, तो धान की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे समय में बारिश होने से कटाई के काम में भी परेशानी आ सकती है। वहीं दिपावली को लेकर जिला मुख्यालय के बाजार में दुकानदारों ने तैयारियां की हैं। दुकानें सजाई गई हैं और त्योहार से जुड़ी सामग्री भी उपलब्ध है। हालांकि लगातार बारिश के कारण खरीदारी की रफ्तार धीमी पड़ गई है। बुधवार सुबह से हो रही रिमझिम बारिश के चलते बाजार में ग्राहकों की आवाजाही कम दिखाई दे रही है।

बस्तर में दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष पहल

जगदलपुर, 5 नवम्बर । दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने और उनके दैनिक जीवन को सुगम व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समग्र शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक सराहनीय पहल की गई है। कलेक्टर श्री आशीष छिकारा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय खन्ना के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित विशेष आकलन एवं मूल्यांकन शिविरों के माध्यम से दो दिनों के भीतर कुल 136 दिव्यांग छात्र-छात्राओं का आवश्यक सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया गया। इस अभियान के तहत 4 नवंबर को बीआरसी कार्यालय बस्तर में विकासखंड बस्तर एवं बकावंड के बच्चों के लिए शिविर आयोजित हुआ, जहां पहुंचे कुल 126 दिव्यांग विद्यार्थियों का पंजीयन एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच उपरांत विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने शारीरिक आवश्यकता के अनुसार 74 बच्चों का चयन कर उनके सहायक उपकरणों हेतु आवश्यक माप दर्ज किए। वहीं इससे पूर्व 3 नवंबर को जगदलपुर में आयोजित शिविर में जगदलपुर एवं लोहंडीगुड़ा विकासखंड के बच्चों का परीक्षण किया गया था, जिसमें 62 जरूरतमंद दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु चिन्हित किया गया। शिविर की सबसे उल्लेखनीय विशेषता इसकी सुव्यवस्थित 'सिंगल विंडो' प्रणाली रही। आमतौर पर दिव्यांग बच्चों के पालकों को मेडिकल बोर्ड, प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं।

बस्तर ओलंपिक: क्लस्टर और विकासखंड स्तर के बाद अब जिला एवं संभाग स्तर पर दिखेगा खिलाड़ियों का दमखम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा, 5 नवंबर । जिले के चारों विकासखंडों में आयोजित दो दिवसीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिताओं का उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। बस्तर अंचल के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाने और युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

क्लस्टर स्तर से प्रारंभ हुई बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता अब विकासखंड स्तर के बाद जिला एवं संभाग स्तर तक पहुंचेगी। इसके माध्यम से ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

समापन समारोह में विधायक चैतराम अटामी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का अवलोकन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकसी सहित विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, कौशल और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बस्तर की प्रतिभा, संस्कृति और सामर्थ्य को पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस आयोजन से सुदूर गांवों के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर दंतेवाड़ा का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

वहीं, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि बस्तर ओलंपिक ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। इस आयोजन के माध्यम से गांवों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान मिल रही है। खेलों से युवा सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ेंगे और जिले का गौरव बढ़ाएंगे।कार्यक्रम में उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी बस्तर ओलंपिक को ग्रामीण अंचलों की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त मंच बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है तथा उनमें आपसी सहयोग, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खेल प्रशिक्षक, आयोजन समिति के सदस्य, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

सेवानिवृत्ति के बाद चार कर्मचारियों को पीपीओ जारी किया गया



बीजापुर, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल की है। इसी कड़ी में बीजापुर जिले के चार सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी किए गए हैं। इससे संबंधित कर्मचारियों को नियमित पेंशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, बस्तर संभाग द्वारा जारी आदेश के तहत चार कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इनमें जिला चिकित्सा कार्यालय बीजापुर में पदस्थ नर्सिंग सिस्टर गौरी खम्हेले, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय भैरमगढ़ की स्वीपर सरस्वती बाई, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय उसूर की ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) भागवती राठौर तथा सहायक संचालक रेशम पालन कार्यालय बीजापुर के प्रदर्शक दुम्पा पोट्टी शामिल हैं।इस अवसर पर कलेक्टर विश्वदीप ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके लंबे सेवाकाल और शासकीय दायित्वों के निर्वहन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ वर्षों तक कार्य करना सराहनीय है। कलेक्टर ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं दीं। पेंशन भुगतान आदेश जारी होने से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा और नियमित पेंशन की सुविधा मिलने में मदद मिलेगी।

कार में 408 किलो गांजा ले जाते हुए अंर्तराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

बस्तर ओलंपिक के आयोजन से उत्साहित हैं अबूझमाड़ की रंजिता जुर्री

जगदलपुर, 5 नवम्बर । नारायणपुर जिले के सुदूर वनांचल अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम हिकपाड़ की प्रतिभाशाली खिलाड़ी कुमारी रंजिता जुर्री खेल के क्षेत्र में अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर में अध्ययनरत रंजिता ने अब तक तीन बार राज्य स्तरीय और दो बार राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और गांव, बल्कि पूरे नारायणपुर जिले और बस्तर अंचल का गौरव बढ़ा है। रंजिता को बचपन से ही खेलों के प्रति विशेष लगाव रहा है। खेल के प्रति उनकी रुचि धीरे-धीरे जुनून में बदल गई और उन्होंने नियमित अभ्यास एवं मेहनत के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारना शुरू किया। पढ़ाई के साथ खेलों के लिए समय निकालना और लगातार अभ्यास करना उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी लगन और समर्पण के परिणामस्वरूप उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोंड़ागांव, 5 नवंबर। जिले की केशकाल पुलिस ने महेन्द्रा एक्सयूव्ही 500 कार कमांक ओडी. 10.व्ही .7053 से कुल 407ण्910 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ राजस्थान के अंन्तराज्यीय गांजा तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के द्वारा माादक पदार्थ गांजा का परिवहन करना पाया गया जो धारा 20 ;खद्ध नारकोटिक्स एक्ट का होना पाये जाने से पर आरोपी दीपक कुमार माली पिता गोपाल लालजी माली निवासी राजस्थान के विरूद्ध कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

केशकाल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ की सिल्वर रंग का महेन्द्रा एक्सयूव्ही.500 कार कमांक ओडी. 10.व्ही.7053 को रोकवाया गया। ड्रायवर सीट पर एक व्यक्ति बैठा थाए जिसका नाम व पता पुछने पर अपना नाम दीपक कुमार माली पिता गोपाल लालजी माली उम्र 31 वर्ष निवासी नई आजादी नाथूखेड़ी वार्ड नम्बर 06 नाथूखेडी तहसील गोतारसी थाना हथुनिया जिला प्रतापगड राजस्थान का होना बताया। संदेही दीपक कुमार माली का तलाशी लेने पर उसके पाकेट से एक रेडमी कंपनी का स्क्रीन टच मोबाईल तथा नगदी रकम 1100 रूपया बरामद हुआ। सिल्वर रंग का महेन्द्रा एक्सयूव्ही.500 कार कमांक ओडी. 10.व्ही.7053 की तलाशी लेने पर कार के डेसबोर्ड के अंदर डिक्की में एक नंबर प्लेट जिसमें आरजे. 23.यूबी.8472 लिखा हुआ तथा ड्रायवर सीट के पीछे एवं कार के डिक्की के अंदर भरकर रखा हुआ भूरे रंग के के सेलोटेप से पैक किया हुआ 78 पैकेट संदिग्ध गांजा जैसा मादक पदार्थ कुल वजन 407ण्910 किलो ग्राम बरामद हुआ। आरोपी से बरामद वस्तुए एवं कार को मौके पर जप्त किया गया।

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी रितेश मिश्राए उपनिरीक्षक कंवल सिंह शोरी, सउनिण् भगत सिंह नेताम, सुरेश मरकाम, प्रधान आरक्षक ईश्वर नेताम,संजय बिसेन आरक्षक सदासिंह नेताम, मनोहर निषाद, धर्मेन्द्र नेगी, रामुलाल नेताम, दिनेश मरकाम, अजय सलामए सहायक आर उमेश दास मानिकपुरी, आत्मानंद कुलदीप का योगदान रहा।

कोंडागांव से भी रावघाट-जगदलपुर रेललाइन का निर्माण कार्य प्रारंभ करने रेलवे को तीन माह का अल्टीमेटम,

सर्व समाज कोंडागांव ने कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को सौंपा ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कोंडागांव,5 नवंबर। बस्तर संभाग को जगदलपुर तक यात्री रेल सुविधा से जोड़ने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर सर्व समाज कोंडागांव ने एकजुट होकर जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना को मंडल रेल प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से रावघाट-जगदलपुर रेललाइन परियोजना का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करने तथा विशेष रूप से कोंडागांव से भी निर्माण कार्य शुरू करने के लिए रेलवे को तीन माह का अल्टीमेटम दिया गया।अल्टीमेटम दिया कि कोंडागांव को केवल रेललाइन के नक्शे में शामिल करने के बजाय इसे निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र बनाया जाए। कोंडागांव से नारायणपुर और कोंडागांव से जगदलपुर, दोनों दिशाओं में एक साथ निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए ताकि जल्द निर्माण पूरा हो और परियोजना में तेजी आए और निर्धारित समयसीमा में जगदलपुर तक रेललाइन पहुंच सके।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 9 मई 2015 को दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेललाइन की घोषणा की थी। इसके लिए वर्ष 2022 तक का लक्ष्य भी सामने रखा गया था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी बस्तर की जनता को जगदलपुर तक यात्री रेल सुविधा नहीं मिल पाई है।

सर्व समाज ने कहा कि दल्लीराजहरा से रावघाट तक रेललाइन का विकास मुख्य रूप से लौह अयस्क परिवहन और भिलाई स्टील प्लांट की औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। रावघाट तक मेमू ट्रेन का संचालन स्वागतयोग्य है, लेकिन इसे बस्तर में यात्री रेल सुविधा की शुरुआत बताकर प्रचारित करना उचित नहीं है। बस्तरवासियों को रावघाट तक सीमित रेल सुविधा नहीं, बल्कि जगदलपुर तक नियमित यात्री रेल चाहिए। ज्ञापन में परियोजना के लिए 3,513.11 करोड़ की बजट स्वीकृति का उल्लेख करते हुए रेलवे से सवाल किया गया कि जब परियोजना के लिए बजट स्वीकृति की बात सामने आ चुकी है, तो निर्माण कार्य शुरू करने में विलंब क्यों हो रहा है? रेलवे से निविदा प्रक्रिया, निर्माण प्रारंभ करने की तारीख, चरणबद्ध कार्ययोजना और परियोजना पूर्ण करने की निश्चित समयसीमा सार्वजनिक करने की मांग की गई।

तीन माह में निर्माण शुरू नहीं हुआ तो व्यापक जनआंदोलन

सर्व समाज कोंडागांव ने स्पष्ट किया कि ज्ञापन प्राप्ति की तारीख से तीन माह के भीतर कोंडागांव से दोनों दिशाओं में निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो कोंडागांव बंद का आह्वान किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी चुनावों में मतदान बहिष्कार अभियान चलाने तथा बस्तर संभाग में व्यापक लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण जनआंदोलन किया जाएगा।सर्व समाज ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मांग की कि वर्ष 2015 में बस्तर की जनता से किए गए वादे को गंभीरता से लेते हुए रावघाट-जगदलपुर रेललाइन का निर्माण तत्काल प्रारंभ कराया जाए तथा कोंडागांव से भी दोनों दिशाओं में एक साथ कार्य शुरू करने के निर्देश दिए जाएं।

सर्व समाज अध्यक्ष धंसराज टंडन के नेतृत्व में संरक्षक एमडी बघेल, शांतिलाल सुराना, आरके जैन, सचिव शीतल कोर्राम, जिला कोषाध्यक्ष आईसी निषाद, रामेश्वर बघेल, सर्व आदिवासी समाज जिला सचिव एवं सलाहकार आरएस सलाम, बस्तर राजपूत समाज के सचिन नेपाल सिंह ठाकुर, अंजुमन कमेटी अध्यक्ष सैयद सफीक, बस्तर संभाग मुस्लिम समाज उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम मंसूरी, श्याम सिंह, भारत जैन, तरुण नाग, चवन वर्मा, पीएल ठावरे, शंकरलाल विश्वकर्मा एवं रवि बिशोई सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।सर्व समाज का स्पष्ट कहना है कि बस्तर केवल लौह अयस्क और खनिज संसाधन उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र नहीं है। यहां के नागरिकों को भी देश के अन्य हिस्सों की तरह शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यापार, पर्यटन और यात्री परिवहन की समान सुविधाएं मिलनी चाहिए। जगदलपुर तक रेललाइन पहुंचने से पूरे बस्तर संभाग के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।हमारी मांग स्पष्ट है–रावघाट तक रेल पहुंच गई, अब कोंडागांव से भी निर्माण शुरू कर जगदलपुर तक रेललाइन पहुंचाई जाए।बस्तर को प्रचार की रेल नहीं, धरातल पर यात्री रेल चाहिए!

दीपा सागर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पीड़ित परिवार के साथ एसपी से मिले कांग्रेस पदाधिकारी,सौंपा ज्ञापन



जगदलपुर, 5 नवंबर। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ने आज दंतेश्वरी वार्ड निवासी दीपा सागर मामले में निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग को लेकर पीड़ित परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं को रखते हुए पीड़ित परिवार की शंकाओं एवं आशंकाओं का निराकरण करने और उनकी संतुष्टि के अनुरूप जांच सुनिश्चित करने की मांग की।

इस अवसर पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि दीपा सागर मामले में पीड़ित परिवार जिन परिस्थितियों और तथ्यों को लेकर सवाल उठा रहा है, उन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। परिवार की शंकाओं को नजरअंदाज करने के बजाय प्रत्येक पहलू की बारीकी से जांच होनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की आशंका या संदेह की गुंजाइश न रहे। पुलिस प्रशासन से हमारी मांग है कि परिवार द्वारा उठाए गए सवालों और प्रस्तुत तथ्यों को जांच में शामिल किया जाए तथा मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कर वास्तविक सच्चाई सामने लाई जाए।सुशील मौर्य ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है हमारी मांग मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की है।इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, पूर्व सभापति कविता साहू, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, गौरनाथ नाग, हेमू उपाध्याय, महामंत्री अभिषेक नायडू, जाहिद हुसैन, सुनीता सिंह सहित पीड़ित परिवारजन मौजूद रहे।

कांग्रेस ने बाढ़ पीड़ित किसानों को राहत देने भाजपा सरकार के खिलाफ किया चक्काजाम

जगदलपुर, 5 नवंबर। बस्तर में हाल ही में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित किसानों और आम नागरिकों को पर्याप्त मुआवजा एवं राहत प्रदान करने की मांग को लेकर आज बुधवार को जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर-ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य व ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला के नेतृत्व में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आमागुड़ा चौक पर चक्काजाम कर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने किसानों को ?65,000 प्रति एकड़ मुआवजा देने, बाढ़ प्रभावित किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड ऋण माफ करने तथा प्रभावित परिवारों को पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग उठाई। प्रदर्शन के पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर शासन-प्रशासन से तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की गई।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि हाल ही में बस्तर संभाग, विशेषकर जगदलपुर एवं आस-पास के क्षेत्रों में आई भीषण बाढ़ ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बाढ़ के कारण किसानों की खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं।

एक नजर

निष्क्रिय डाकघर खातों को पुनः सक्रिय करने 15 नवंबर तक विशेष अभियान

रायगढ़, 5 नवम्बर। डाक विभाग द्वारा लंबे समय से निष्क्रिय पड़े खातों को पुनः सक्रिय करने के उद्देश्य से 15 नवंबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तीन वर्ष या उससे अधिक समय से निष्क्रिय पड़े डाकघर खातों को पुनः सक्रिय कराया जाएगा।

डाकघर रायगढ़ के अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खाताधारकों को उनके निष्क्रिय खातों के संबंध में जागरूक करना तथा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराकर खातों को दोबारा चालू कराना है। इसके लिए डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी खाताधारकों से संपर्क कर उन्हें खाते पुनः सक्रिय कराने के लिए प्रेरित करेंगे। डाक विभाग ने ऐसे सभी खाताधारकों से अपील की है कि वे अपने संबंधित डाकघर में पहुंचकर खाते की स्थिति की जानकारी प्राप्त करें तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर अपने निष्क्रिय खाते को पुनः सक्रिय कराएं।

बस्तर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी अंतिम चरण में

जगदलपुर, 5 नवम्बर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत बस्तर जिले में आगामी 15 नवंबर से शुरू होने जा रही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इस धान खरीदी को पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान हितैषी बनाने के लिए जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की अध्यक्षता में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, श्री डीआर डाहिरे सभी एसडीएम, तहसीलदार, खाद्य, सहकारिता व विपणन विभाग के अधिकारियों सहित जिले के समिति प्रबंधक और शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक में हिदायत दी कि खरीदी प्रक्रिया का मूल उद्देश्य वास्तविक किसानों को शासन की योजना का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है, इसलिए बिचैलियों और कोचियों पर अंकुश लगाने सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीमावर्ती क्षेत्रों विशेषकर ओडिशा सीमा से आने वाले अवैध धान और बिचैलियों द्वारा की जाने वाली रिसाइक्लिंग पर खरीदी के पहले ही दिन से कड़ी निगरानी रखने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने मैदानी अमले को पाबंद किया कि जो किसान स्वयं टोकन लेकर आ रहा है, उसका भौतिक सत्यापन किया जाए और मौके पर सही दस्तावेज व गिरदावरी की सूक्ष्मता से जांच की जाए।

छत्तीसगढ़ में युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर तक बढ़ी

जगदलपुर, 5 नवम्बर। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय ने राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं और स्वैच्छिक संगठनों को बड़ी राहत देते हुए श्युवा रत्न सम्मान योजनाश् के तहत आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर दी है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री शशांक पॉल ने बताया कि पूर्व में आवेदन करने की अवधि 01 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2026 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 नवंबर 2026 कर दिया गया है।विभाग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों का परीक्षण 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 के बीच जिला स्तरीय समितियों द्वारा किया जाएगा। इसके बाद 01 से 15 दिसंबर 2026 तक पात्र आवेदनों को संचालनालय में प्रेषित किया जाएगा। विभाग द्वारा चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा 01 जनवरी 2027 को की जाएगी, जिसके उपरांत स्वामी विवेकानंद जयंती यानी 12 जनवरी 2027 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भव्य समारोह में पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा।

बस्तर ओलंपिक की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के समापन पर कमिश्नर ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

जगदलपुर, 5 नवम्बर। बस्तर अंचल की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित बस्तर ओलंपिक की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के समापन दिवस पर गीदम में बुधवार को कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का अवलोकन कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समापन दिवस पर कमिश्नर श्री सिंह ने कबड्डी सीनियर पुरुष वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले, रस्साकसी सीनियर महिला वर्ग एवं वालीबॉल प्रतियोगिता का अवलोकन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के जोश, उत्साह और खेल कौशल की सराहना करते हुए कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

महिलाओं के उत्पाद को मिला बाजार, राज्योत्सव में 50 हजार रुपये से अधिक का हुआ विक्रय

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मिल रहा बढ़ावा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



रायगढ़, 5 नवम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों का असर ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखाई दे रहा है। बिहान योजना से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अपने हुनर और मेहनत से स्थानीय उत्पाद तैयार कर उन्हें बाजार तक पहुंचा रही हैं। इसकी झलक जिला मुख्यालय स्थित संत पूज्य श्री प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में देखने को मिली, जहां महिला स्व-सहायता समूहों के स्टॉल पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। विभिन्न समूहों ने 50 हजार रुपये से अधिक के उत्पादों का विक्रय किया।

राज्योत्सव में लगाए गए इन स्टॉलों पर मिट्टी के पारंपरिक बर्तन, दीये, ब्रास मेटल से निर्मित सामग्री, टेराकोटा, मसाले, ज्वार का आटा, कृत्रिम आभूषण और मशरूम जैसे स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए गए। इन उत्पादों की गुणवत्ता, उपयोगिता और पारंपरिक कारीगरी ने लोगों को आकर्षित किया। खास बात यह रही कि इन उत्पादों को समूह की महिलाओं ने स्वयं तैयार किया है। जनपद पंचायत पुसौर के अंतर्गत बारडोली के सितारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मिट्टी के दीये, पारंपरिक बर्तन और आकर्षक सजावटी सामग्री का स्टॉल लगाया। इनके उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया और समूह ने लगभग 9 हजार रुपये की बिक्री की। वहीं एकताल के सुभद्रा स्व-सहायता समूह ने ब्रास मेटल से निर्मित पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया।

पुसौर महिला एफपीओ द्वारा मसाले और ज्वार के आटे के उत्पादों का स्टॉल लगाया गया, जहां लगभग 12 हजार रुपये की बिक्री हुई। बासनपाली के एकता स्व-सहायता समूह ने टेराकोटा उत्पादों का प्रदर्शन किया। गोपालपुर के सरस्वती स्व-सहायता समूह ने कृत्रिम आभूषण, फूल-पत्ती और मशरूम उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। वहीं बासनपाली के उगता सूरज स्व-सहायता समूह ने खाद्य सामग्री का स्टॉल लगाया, जहां लगभग 15 हजार रुपये के उत्पादों की बिक्री हुई। इसके अलावा अन्य स्व-सहायता समूहों ने भी अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए और बिक्री की। राज्योत्सव में मिले इस बाजार ने महिलाओं को अपने उत्पादों की पहचान बनाने और सीधे ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर दिया। उत्पादों की अच्छी बिक्री से समूह की महिलाओं को आर्थिक लाभ के साथ अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का प्रोत्साहन मिला।

श्रमिकों की मेहनत की कमाई बालोद साइबर सेल और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के सहयोग से मिली

दीपावली से पहले 22 मजदूर परिवारों के घर जले खुशियों के दीप, संजय बैस के प्रयासों से 10 दिन में वापस मिली 4.06 लाख की मजदूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दल्लीराजहरा,5 नवंबर। जनसेवा का वास्तविक अर्थ जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना है। इसी भावना का परिचय देते हुए कुसुमकसा क्षेत्र के जनसेवक संजय बैस ने ग्राम पंचायत धुरवाटोला के 22 तेंदूपत्ता श्रमिक परिवारों की दीपावली खुशियों से भर दी। पिछले पांच महीनों से साइबर सेल में होल्ड पड़ी मजदूरों की मेहनत की कमाई 4 लाख 6 हजार 725 रुपये को उनके प्रयासों से महज 10 दिनों के भीतर रिलीज करा दिया गया। लंबे समय से अपनी ही मजदूरी के लिए परेशान श्रमिकों को दीपावली से पहले बड़ी राहत मिली है।



यह था पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धुरवाटोला के 22 ग्रामीण भानुप्रतापपुर क्षेत्र में तेंदूपत्ता परिवहन के दौरान लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य करने गए थे। मजदूरों ने कुल 32 गाड़ियों की लोडिंग-अनलोडिंग का काम किया था। इसके एवज में ठेकेदार द्वारा 17 जुलाई 2026 को मजदूरी की कुल 5 लाख 81 हजार रुपये की राशि महेंद्र सिंह दर्रो के भारतीय स्टेट बैंक राजहरा स्थित खाते में जमा कराई गई थी।

मजदूरों ने आवश्यकता पड़ने पर 50 हजार रुपये निकालकर आपस में बांट लिए, लेकिन शेष 4 लाख 6 हजार 725 रुपये की राशि निकालने के लिए जब वे बैंक पहुंचे तो उन्हें पता चला कि साइबर सेल पटना द्वारा खाते को होल्ड कर दिया गया है। इसके बाद मजदूरों की परेशानी बढ़ गई। खाते में मेहनत की कमाई जमा होने के बावजूद वे अपनी जरूरतों के लिए राशि नहीं निकाल पा रहे थे। पिछले पांच महीनों से बैंक और संबंधित कार्यालयों के चक्कर काटने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। दीपावली नजदीक आने के साथ ही श्रमिक परिवारों की चिंता बढ़ती जा रही थी।

मजदूरों की फरियाद पर संजय बैस ने संभाली जिम्मेदारी

लगातार प्रयासों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर सभी श्रमिकों ने जनसेवक संजय बैस से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई। मजदूरों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए संजय बैस ने तत्काल पहल शुरू की। उन्होंने सबसे पहले भारतीय स्टेट बैंक राजहरा के शाखा प्रबंधक से पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद बालोद साइबर सेल प्रभारी धरम भुआर्य से लगातार संपर्क और समन्वय स्थापित किया। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में भी शिकायत दर्ज कराकर मामले के शीघ्र निराकरण के लिए प्रयास किया।संजय बैस के निरंतर प्रयासों तथा बालोद साइबर सेल के सहयोग से आखिरकार 10 दिनों के भीतर खाते से होल्ड हटाया गया और मजदूरों की 4 लाख 6 हजार 725 रुपये की पूरी लंबित राशि उन्हें प्राप्त हो गई।

राशि मिलते ही मजदूरों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

पांच महीने से अपनी मेहनत की कमाई के लिए परेशान श्रमिकों को जब राशि वापस मिली तो उनके परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई। मजदूर विशाल ठाकुर ने भावुक होकर बताया कि हम लोगों ने 32 गाड़ियों की लोडिंग-अनलोडिंग का काम किया था। मजदूरी खाते में आने के बाद भी साइबर होल्ड के कारण हम अपना पैसा नहीं निकाल पा रहे थे। पांच महीने से परेशान थे और दीपावली कैसे मनाएंगे, इसकी चिंता सता रही थी। संजय बैस भैया ने हमारी परेशानी समझी और मात्र 10 दिनों में हमारी पूरी होल्ड राशि दिलवा दी। इसके लिए हम सभी मजदूर उनके आभारी हैं।

संजय बैस बोले- मजदूरों की मेहनत की कमाई उन्हें समय पर मिलना जरूरी

इस संबंध में संजय बैस ने कहा कि गरीब, किसान और मजदूर हमारे समाज की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत की कमाई किसी तकनीकी या साइबर संबंधी कारण से महीनों तक अटकी रहे, यह बेहद पीड़ादायक है। इन श्रमिक परिवारों की परेशानी को देखते हुए मेरा प्रयास था कि दीपावली से पहले इनकी मेहनत की कमाई इन्हें वापस मिल जाए, ताकि इनके घरों में भी खुशियों का दीप जल सके। इस कार्य में सहयोग के लिए मैं बालोद साइबर सेल की पूरी टीम तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित जनहितैषी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 का आभार व्यक्त करता हूं।

जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार सक्रिय हैं संजय बैस

उल्लेखनीय है कि संजय बैस क्षेत्र में जनसमस्याओं के निराकरण और जरूरतमंदों की सहायता के लिए लगातार सक्रिय रहते हैं। हाल के दिनों में भी उन्होंने ग्राम केलेकोड में तीन वर्षों से लंबित लगभग 3 लाख रुपये के तेंदूपत्ता दुर्घटना बीमा प्रकरण के निराकरण में पहल की। वहीं पेंडरवानी में 1 लाख 40 हजार रुपये तथा पाटरी में 50 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामलों में से 37 हजार रुपये की राशि वापस दिलाने में भी सहयोग किया।धुरवाटोला के 22 मजदूर परिवारों को दीपावली से पहले उनकी मेहनत की कमाई वापस मिलना क्षेत्र में जनसेवा और संवेदनशील पहल की एक सराहनीय मिसाल बन गया है।

विद्युत परिवहन के 1400 करोड़ के ग्लोबल टेंडर के विरोध में छत्तीसगढ़ पावर कंपनी वाहन मालिक कल्याण संघ ने 3 नवंबर को काम बंद रखा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दल्लीराजहरा, 5 नवंबर। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (CSPDCL) द्वारा विद्युत परिवहन संबंधी कार्यों के लिए निकाले गए ?1400 करोड़ के ग्लोबल टेंडर के विरोध में छत्तीसगढ़ पावर कंपनी वाहन मालिक कल्याण संघ के आह्वान पर आज, 3 नवंबर 2026, मंगलवार को प्रदेशव्यापी एकदिवसीय पूर्ण कार्य बंद सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक प्रदेशभर में CSPDCL के अंतर्गत आने वाले सभी कार्य पूर्णतः बंद रहे। दल्ली राजहरा सहित बालोद, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, चांपा, पाटन, कुनकुरी सहित सभी जोन में हड़ताल का असर देखा गया।

संघ के दल्ली राजहरा निवासी सदस्य रूपलाल साहू ने बताया कि CSPDCL द्वारा जारी ग्लोबल टेंडर में डीएम और शर्तें इस प्रकार लगाई गई हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत आने वाला कोई भी स्थानीय वाहन मालिक या ठेकेदार उन शर्तों को पूरा नहीं कर सकता। इससे स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार छत्तीसगढ़ वासियों को ही बेरोजगार करने पर तुली हुई है।

उन्होंने कहा कि यह सरासर अन्याय है। जब बाहर के ठेकेदार को टेंडर मिलेगा तो वह अपने राज्य के कर्मचारियों और वाहनों को छत्तीसगढ़ में काम पर लाएगा, जिससे प्रदेश में बेरोजगारी और बढ़ेगी। इसी अन्याय के विरोध में आज का बंद किया गया। इस बंद को ए-क्लास ठेकेदार संघ का भी पूर्ण समर्थन मिला।

बंद के दौरान ये सभी कार्य बंद रहे -

1. सभी प्रकार की छोटी-बड़ी एवं विभागीय कार्यों में लगी गाड़ियों का संचालन पूर्णतः बंद रहा। 2. TMC से संबंधित सभी कार्य बंद रहे। 3. FOC से संबंधित सभी कार्य बंद रहे। 4. CSPDCL के अंतर्गत ठेकेदारों द्वारा संचालित अन्य सभी संबंधित कार्य भी बंद रहे।

02 नवंबर को हुई थी निर्णायक बैठक - इससे पूर्व दिनांक 02.11.2026 को दोपहर 03ः00 बजे कार्यपालक निदेशक (संचा. संधा.) कार्यालय में संघ के साथ बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष किशन देवांगन (चांपा), कुणाल भाले (पाटन), शशांक दास (राजनांदगांव), माणिक लाल राय (कुनकुरी), अभिषेक सिंह, अशोक कुमार, परमेश्वर साहू, सूर्यनाथ तिवारी सहित प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में FOC एवं मेंटेनेंस गाड़ियों की समस्या, मैनपावर के वेतन, श्क्क्त्र, श्स्ढ्ढ्ट पर चर्चा हुई। संघ ने एकसूत्रीय मांग रखी कि निविदा क्रमांक ञ्क्र-18 को निरस्त किया जाए। विभाग ने मांग को सक्षम अधिकारियों के संज्ञान में लाने का आश्वासन दिया और दीपोत्सव पर्व को देखते हुए 07 नवंबर से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल पर विचार करने को कहा, लेकिन सहमति नहीं बनने पर संघ ने आज का प्रदेशव्यापी बंद किया।संघ ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या अधिकारी के विरोध में नहीं, बल्कि प्रदेश के वाहन मालिकों, ठेकेदारों और उनसे जुड़े परिवारों की आजीविका की रक्षा के लिए था।

शराब के नशे में विद्यालय पहुंचे प्रधानाध्यापक निलंबित

कांकेर, 5 नवंबर। शासकीय कार्य अवधि के दौरान शराब के नशे की हालत में विद्यालय पहुंचने के मामले में विकासखण्ड दुर्गूकोंदल अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मंगहूर के प्रधानाध्यापक श्री अशोक कुमार बेलसरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 04 नवम्बर 2026 को श्री बेलसरिया के नशे की हालत में विद्यालय पहुंचने के संबंध में थाना प्रभारी, बड़गांव को लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया तथा मामले में एफआईआर दर्ज की गई।

सिविल हॉस्पिटल पखांजूर के चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी एमएलसी रिपोर्ट के अनुसार, शासकीय कार्य अवधि के दौरान अपरान्ह 3.45 बजे श्री बेलसरिया शराब के नशे की हालत में पाए गए। शासकीय कार्य अवधि में इस प्रकार नशे की हालत में विद्यालय पहुंचना छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम के प्रावधानों के विपरीत पाया गया। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर द्वारा निलंबन की कार्रवाई के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था।


समाचार संक्षेप

बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्रतिभावान विद्यार्थियों को मिल रहा विशेष मार्गदर्शन




रायगढ़, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बोर्ड परीक्षा 2027 में जिले के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रतिभावान विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड पुसौर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय औरदा में मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए प्रभावी रणनीतियां बताईं।विद्यार्थियों को विषयवार अध्ययन, कठिन प्रश्नों के समाधान, समय प्रबंधन, उत्तर लेखन की शैली और पाठ्यक्रम के नियमित दोहराव के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने, तनाव से दूर रहने और संतुलित आहार पर भी जोर दिया गया। कार्यशाला में उनकी विषयगत जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें नियमित अभ्यास और सुनियोजित तैयारी के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री भुवनेश्वर पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष सिन्हा, उत्तर सिदार, प्राचार्य छबिलाल चौधरी, अनिल गुप्ता, गणेश प्रसाद साहू सहित विभिन्न विषयों के मास्टर प्रशिक्षक एवं विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

लोइंग में शुरू हुआ निःशुल्क नशामुक्ति केंद्र, नशे से पीड़ित लोगों को मिलेगा उपचार और परामर्श



रायगढ़, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से लोइंग में विशेष नशा मुक्ति केंद्र शुरू किया गया है। इस केंद्र के माध्यम से नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां शराब, तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जाएगा।केंद्र में 24 घंटे निःशुल्क परामर्श, विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन, प्रभावित व्यक्तियों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच तथा आवश्यकतानुसार पुनर्वास केंद्र में सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। साथ ही खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जागरूकता शिविरों एवं रैलियों के माध्यम से युवाओं और समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने स्थानीय नागरिकों, युवाओं, स्कूलों एवं सामाजिक संगठनों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। विभाग ने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। ऐसे में नशे से पीड़ित लोगों को समय पर उपचार और परामर्श दिलाकर उन्हें सामान्य जीवन की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है।

लैलूंगा के 100 से अधिक किसानों को वितरित किया गया उन्नत धनिया बीज



रायगढ़, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। किसानों को मसाला फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने तथा उनकी आय में वृद्धि के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रायगढ़ द्वारा लैलूंगा विकासखंड के 100 से अधिक किसानों को धनियाँ के उन्नत बीज का वितरण किया गया। यह वितरण महाविद्यालय में संचालित अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना के आदिवासी उप योजना (टी.एस.पी.) के अंतर्गत किया गया। किसानों को प्रति किसान 5 किलोग्राम की दर से महाविद्यालय द्वारा विकसित धनियाँ की उन्नत प्रजाति 'छत्तीसगढ़ श्री चंद्रहासिनी धनियाँ' का आधार बीज प्रदान किया गया।शासकीय उद्यान रोपणी, लैलूंगा में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. ए.के. सिंह ने किसानों को धनियाँ की वैज्ञानिक खेती के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने धनियाँ की बुवाई की विधि, फसल में गुड़ाई, रोगों से बचाव एवं बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के लिए अपनाई जाने वाली कृषि तकनीकों के बारे में बताया। इस अवसर पर ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्रीमती कविता पैंकरा एवं श्री संदीप केरकेट्टा ने धनियाँ के मसाला फसल के रूप में महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को इसकी खेती अपनाने और बेहतर उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत रायगढ़ के उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, श्री ललित यादव, श्रीमती सौभागी गुप्ता, श्री चरणसिंह नाग एवं श्री अमरसाय नाग सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लाइवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रारंभ

रायगढ़, 5 नवम्बर। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ के लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। इसके तहत 12वीं उत्तीर्ण युवक-युवतियां सोलर पी.व्ही. इंस्टॉलर (सूर्यमित्र), नर्सिंग एवं कस्टमर केयर पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय हितग्राहियों को आवागमन के लिए निःशुल्क बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सफल अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाएगा।इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

धान खरीदी में लापरवाही और अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी : कलेक्टर



महासमुंद, 5 नवम्बर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज वन विभाग के प्रशिक्षण हॉल में जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों का प्रशिक्षण आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ होगा जो 15 जनवरी 2027 तक चलेगा। राज्य शासन के निर्णयानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी जाएगी। टोकन तुहर एप्प के माध्यम से 2 एकड़ तक के किसानों को एक टोकन, 10 एकड़ तक दो टोकन एवं 10 एकड़ से अधिक पर किसानों को 03 टोकन प्रदान किए जाएंगे। 70 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन मोबाईल एप् के माध्यम से एवं 30 प्रतिशत समिति के माध्यम से पंजीयन होगा। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें तथा खरीदी प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराएं।

प्रशिक्षण के दौरान राज्य शासन द्वारा धान खरीदी के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा उनका शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में विगत विपणन वर्ष 2025-26 में संचालित खरीदी केन्द्रों के साथ ही इस वर्ष प्रारंभ किए गए 20 नवीन खरीदी केन्द्रों में भी धान का उपार्जन किया जाएगा। उन्होंने नवीन केन्द्रों में खरीदी के लिए आवश्यक संसाधन, सुविधाएं एवं अन्य व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले के सभी 202 धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व 35 निर्धारित बिंदुओं के आधार पर व्यवस्थाओं की जांच एवं पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र में आवश्यक सुविधाओं, तकनीकी संसाधनों और किसानों की सुविधा से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण होनी चाहिए।

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपयुक्त स्थल चयन, अस्थायी विद्युत कनेक्शन, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, यूपीएस एवं जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खरीदी में उपयोग होने वाले कम्प्यूटर एवं टैबलेट में आवश्यक खरीदी सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने, सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बांट की व्यवस्था कर उसका विधिक माप विज्ञान विभाग से सत्यापन सुनिश्चित कराने को कहा। आर्द्रतामापी यंत्र की खरीदी एवं कैलिब्रेशन तथा बारदानों में लगाए जाने वाले स्टेंसिल की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। स्टेक निर्माण के लिए हमालों को पर्याप्त दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन देने कहा गया है। वहीं अवैध धान खरीदी के लिए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों में शामिल किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। निगरानी के लिए कंट्रोल यूनिट के माध्यम से टीम गठित की गई है। साथ ही प्रत्येक तहसील में उड़नदस्ता टीम का भी गठन किया गया है।

धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में बारदाने, कर्मचारियों एवं हमालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ दीमक रोधी दवाइयां, रंग, सुतली, डनेज के लिए फ्लाई ऐश अथवा सीमेंट ब्लॉक, प्लास्टिक बैग, धान की भूसी और तारपोलिन की व्यवस्था करने को कहा गया। इसके अलावा लोडिंग-अनलोडिंग क्षेत्र, धान की सफाई के लिए उड़ावनी पंखा, सूपा एवं चलनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। धान की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए औसत अच्छी किस्म के निर्धारित मापदंडों का प्रदर्शन तथा उसका नमूना केन्द्रों में प्रदर्शित करना भी आवश्यक बताया।

कलेक्टर ने कहा कि धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक केन्द्र में पेयजल, प्राथमिक उपचार पेटी, शौचालय, हेल्प डेस्क, प्रशासनिक भवन एवं किसानों के बैठने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। समर्थन मूल्य संबंधी जानकारी के लिए बैनर एवं पोस्टर लगाने तथा समिति प्रभारियों के संपर्क नंबर प्रमुखता से प्रदर्शित करने को कहा।कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने आबंटित उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर तैयारियों का सत्यापन करने तथा किसी भी कमी को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए, ताकि धान खरीदी कार्य निर्धारित तिथि से सुचारू रूप से प्रारंभ हो सके।

सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने वाले जिले के चार राहवीरों का राज्योत्सव में सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर किया

बलौदाबाजार, 5 नवम्बर। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद कर उनकी जान बचाने वाले जिले के चार साहसी नागरिकों को राज्योत्सव के गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर बृजमोहन अग्रवाल द्वारा चारों राहवीरों को प्रशस्ति पत्र एवं 25000 रू पुरस्कार प्रदान कर उनके साहस, संवेदनशीलता एवं मानवता के प्रति समर्पण की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के मार्गदर्शन एवं डीएसपी यातायात संजय कुमार साहू के निर्देशन में जिले में राहवीर (गुड सेमेरिटन) योजना के प्रचार-प्रसार एवं आम नागरिकों को सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता के लिए प्रेरित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



संकट की घड़ी में दिखाई मानवता, बचाई घायलों की जान: उल्लेखनीय है कि दिनांक 21 मई 2025 को रात्रि लगभग 8:20 बजे ग्राम संडी स्थित श्रीराम राइस मिल के पास मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई थी। दुर्घटना में ट्रक एवं ईको कार की टक्कर से ईको कार में आग लग गई थी। कार में सवार चार व्यक्तियों में से तीन तथा दोनों ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के समय ग्राम संडी के चार जागरूक नागरिकों ने बिना समय गंवाए साहस एवं मानवता का परिचय दिया। उन्होंने दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराते हुए एंबुलेंस के माध्यम से मात्र 15 मिनट के भीतर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घायलों को गोल्डन ऑवर में उपचार उपलब्ध होने से उनकी जान बचाने में मदद मिली। सम्मानित होने वाले चार राहवीर सीताराम उर्फ सीतू वर्मा, राजू उर्फ राजेंद्र मनहरे, जितेंद्र वर्मा, मनीष वर्मा चारों राहवीर ग्राम संडी, थाना पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के निवासी हैं।

आम नागरिकों से पुलिस की विशेष अपील

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को देखकर अनदेखा न करें, बल्कि निसंकोच आगे आकर उसकी मदद करें। दुर्घटना के बाद शुरुआती समय अर्थात गोल्डन ऑवर में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना उसकी जान बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। राहवीर (गुड सेमेरिटन) योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले नेक नागरिकों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किए जाने का प्रावधान है। ऐसे मददगार नागरिकों को अनावश्यक कानूनी परेशानियों से संरक्षण प्रदान किया जाता है।

समाचार संक्षेप

स्किल2फिन परियोजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 5 नवंबर। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, बलौदाबाजार में बुधवार को स्किल2फिन परियोजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में परियोजना की प्रगति, कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान स्किल2फिन परियोजना के अंतर्गत जिले में अब तक हुई प्रगति, युवाओं एवं जरूरतमंद लोगों के कौशल विकास, प्रशिक्षण, रोजगार से जोड़ने तथा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की समीक्षा की गई। साथ ही जिले में उपलब्ध विभिन्न रोजगार संभावनाओं, स्थानीय उद्योगों एवं संस्थानों में रोजगार के अवसरों की पहचान तथा युवाओं को वित्तीय सहायता एवं बैंकिंग योजनाओं से जोड़ने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया।

उल्लेखनीय है कि स्किल2फिन परियोजना नाबार्ड एवं भारतीय रिजर्व बैंक की पहल है, जिसका क्रियान्वयन नब फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य कौशल विकास, वित्तीय जागरूकता एवं रोजगार के अवसरों के माध्यम से युवाओं और समुदायों को आजीविका के बेहतर साधनों से जोड़ना है।

बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अंकित कुमार पाल, अग्रणी जिला प्रबंधक शिव कुमार, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक गुणेश्वरी साहू, आरसेटी के निदेशक बैजनाथ कुमार तथा नबफाउंडेशन से अमन कौशिक,सामुदायिक संसाधन संस्थाओं फाउंडेशन ट्रस्ट,सब्द फाउंडेशन एवं ग्राम बरतौरी विकास शिक्षण समिति के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एक नजर

युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन अब 15 तक



बलौदाबाजार, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। युवा रत्न सम्मान वर्ष 2026-27 हेतु आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 नवम्बर 2026 कर दिया गया है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 2 प्रतियों में कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, कक्ष क्रमांक-24, प्रथम तल, कुटुम्ब न्यायालय भवन, कलेक्ट्रेट परिसर, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में जमा कर सकते हैं। युवा रत्न सम्मान के संबंध में अधिक जानकारी हेतु खेल एवं युवा कल्याण के वाबसाईड https://sportsyw.cg.gov.in/cgsports/ से प्राप्त कर सकते है।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा 28 नवम्बर को

बलौदाबाजार, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में कक्षा 6वी प्रवेश के लिए 28 नवम्बर को समय सुबह 11 बजे से 1.30 बजे तक आयोजित की जायेगी। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र सीबीएसई/नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट सीबीएसई डॉट आरसीआईएल डॉट जीओव्ही डॉट इन पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये परीक्षा प्रभारी पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के मोबाइल नंबर 8637253499, 99811798925 पर संपर्क किया जा सकता है।

राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृति परीक्षा अब 3 जनवरी 2027 को

बलौदाबाजार, 5 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2026-27 की तिथि में संशोधन किया गया है। अब यह परीक्षा 12 दिसंबर 2026 के स्थान पर 3 जनवरी 2027 रविवार को प्रदेश के निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अधिसूचना के तहत 12 एवं 13 दिसंबर 2026 को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) आयोजित की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय साधन सह- प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किया गया है। मंडल ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा का आयोजन अब 03 जनवरी 2027 को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। इस संबंध में मंडल द्वारा संशोधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को संशोधित परीक्षा तिथि की जानकारी परीक्षार्थियों तक पहुंचाने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उप-सरपंच पर प्राणघातक हमला करने वाले पति-पत्नी को 7 वर्ष का कारावास

घटनास्थल से जब्त हथियारों की एफएसएल जांच तथा साक्ष्यों के आधार पर अभियोजन ने न्यायालय में साबित किया अपराध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 5 नवम्बर। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा न्यायालयीन प्रकरणों में वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत कर आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरूवाडीह के उप-सरपंच पर जानलेवा हमला करने के गंभीर मामले में पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना और प्रभावी पैरवी के चलते द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार की अदालत द्वारा निर्णय सुनाते हुए मुख्य आरोपी को 07 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया गया है।

घटना एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट का विवरण

1. **घटना का कारण:** दिनांक 07.01.2026 की रात्रि करीब 8:15 बजे ग्राम भरूवाडीह निवासी आरोपी भागवत बंजारे और उसकी पत्नी सोनिया बंजारे अवैध रूप से शराब बिक्री के संदेह और मुखबिरी की शंका को लेकर उप-सरपंच एवं प्रार्थी भावसिंग जांगड़े के घर के पास पहुंचे।
2. **प्राणघातक हमला:** प्रार्थी के घर पर न होने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बाद में प्रार्थी के पहुँचने पर आरोपियों ने चाकू और स्टील का रॉड लेकर ताबड़तोड़ प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे प्रार्थी के सिर, हाथ व पैर में गंभीर चोटें आईं।
3. **अपराध पंजीयन:** प्रार्थी की शिकायत पर थाना पलारी में अपराध क्र. 07/2026, धारा 296, 351(2),109,3(5) BNS के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस की सूक्ष्म, वैज्ञानिक एवं उच्च दक्षतापूर्ण विवेचना का क्रम:

1. **घटनास्थल का दस्तावेजीकरण:** विवेचना अधिकारी द्वारा तत्काल आहत का मुलाहिजा (सी.एच.सी. पलारी) कराया गया तथा दिनांक 08.01.2026 को घटनास्थल का नजरी नक्शा तैयार किया गया।



2. **साक्ष्य संकलन और जब्ती:** घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जप्त की गई तथा गवाहों के समक्ष आरोपियों की निशानदेही पर चाकू एवं स्टील का रॉड विधिवत जप्त किया गया।
3. **एफएसएल (FSL) परीक्षण:** मामले में जप्तशुदा वस्तुओं और साक्ष्यों के रासायनिक परीक्षण हेतु (स्वस्रु), रायपुर भेजा गया, जिससे वैज्ञानिक साक्ष्यों की अटूट श्रृंखला तैयार हुई।
4. **दोषसिद्ध अभियोग पत्र:** संपूर्ण विवेचना पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष त्रुटिरहित अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया, जहाँ पुलिस अधिकारियों (निरीक्षक परिवेश तिवारी, सउनि कमल किशोर देवांगन एवं प्रभात साहू) की प्रभावी गवाही व पैरवी से मामला संदेह से परे सिद्ध हुआ।

न्यायालय का निर्णय एवं सजा

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार (पीठासीन अधिकारी - श्रीमती संजया रात्रे) की अदालत द्वारा दिनांक 02.11.2026 को पारित निर्णय में पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को आधार बनाते हुए निम्नलिखित दंड से दंडित किया गया है:

1. **मुख्य आरोपी भागवत बंजारे:** भारतीय न्याय संहिता की धारा 117(2) के अंतर्गत 07 वर्ष का कठोर कारावास तथा 2,000/- का अर्थदंड। अर्थदंड न देने पर 01 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।
2. **आरोपीया श्रीमती सोनिया बंजारे:** धारा 115(2) व्ह्स् के आरोप में उसके द्वारा अभिरक्षा में व्यतीत की गई अवधि (2 माह 11 दिन) के कारावास तथा 1,000/- के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

सेवा सेतु केन्द्र से लीला को महज 10 मिनट में मिला आय प्रमाणपत्र

रेलवे भर्ती परीक्षा में शामिल होने में हुई आसानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 5 नवंबर। शासन की जनकल्याणकारी पहल सेवा सेतु अभियान आम नागरिकों को शासकीय सेवाएं त्वरित और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी का लाभ ग्राम तिल्दा, तहसील पलारी निवासी संतोष रजक को मिला। उन्होंने अपनी पुत्री लीला रजक के रेलवे भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए आवश्यक आय प्रमाण पत्र बनवाने हेतु तहसील कार्यालय पलारी स्थित सेवा सेतु केन्द्र में आवेदन किया। आवेदन करने के महज 10 मिनट के भीतर उन्हें आय प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया गया।



समय पर आय प्रमाण पत्र मिलने से उनकी पुत्री लीला को रेलवे भर्ती परीक्षा में शामिल होने की प्रक्रिया पूरी करने में आसानी हुई। संतोष रजक ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पहले शासकीय दस्तावेज बनवाने के लिए काफी समय लग जाता था, लेकिन सेवा सेतु केन्द्र के माध्यम से उन्हें महज 10 मिनट में प्रमाण पत्र मिल गया।

सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य शासकीय सेवाओं को आम नागरिकों के लिए सरल, सुलभ और समयबद्ध बनाना है, ताकि लोगों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिले और उनके जरूरी कार्य समय पर पूरे हो सकें।

कीटनाशक मिली शराब पिलाकर दो लोगों की हत्या करने वाले को दोहरा आजीवन कारावास

जांजगीर-चांपा, 5 नवम्बर। जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भठली में कीटनाशक मिली शराब पिलाकर दो लोगों की हत्या करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस दोहरे हत्याकांड में तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक पारस पटेल की प्रभावी विवेचना और पुख्ता साक्ष्य संकलन महत्वपूर्ण साबित हुआ। पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी के खिलाफमजबूत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

पुलिस के अनुसार, शराब बिक्री को लेकर सुंदरलाल कुर्रे से विवाद के चलते आरोपी ने 6 मार्च 2025 को देशी शराब की एक शीशी में कीटनाशक मिला दिया और उसे लेकर सुंदरलाल के घर पहुंचा। सुंदरलाल ने शराब पीने से मना कर दिया तो आरोपी ने वहां मौजूद सीताराम लहरे और रोहित कुमार तेंदुलकर को शराब दे दी। जहरीली शराब पीने के बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक पारस पटेल ने बारीकी से विवेचना की। इस दौरान घटनाक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने कीटनाशक का डिब्बा, एफएसएल रिपोर्ट सहित अन्य वैज्ञानिक एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य संकलित किए। विवेचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से 19 गवाहों के बयान और वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इनके आधार पर आरोपी के विरुद्ध अपराध संदेह से परे प्रमाणित हुआ। न्यायालय ने आरोपी को दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस तरह निरीक्षक पारस पटेल की प्रभावी विवेचना और साक्ष्य संकलन से दोहरे हत्याकांड के आरोपी को कठोर सजा दिलाने में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली।

जिले में चलेगा हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा अभियान, 8 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 5 नवम्बर। सुपोषण ट्री मुनगा की पौष्टिकता को देखते हुए इसे प्रतिदिन आहार मे शामिल करने के उद्देश्य से राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले मे हर घर मुनगा,घर -घर मुनगा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जिले मे लगभग 8 लाख मुनगा पौधे लगाने का लक्ष्य जिला प्रशासन द्वारा तय किया गया है। जिले मे अभियान की बेहतर क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को अभियान से जुड़े विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारी की समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि मुनगा मे प्राकृतिक पोषण एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के भण्डार होने के कारण कुपोषण,एनीमिया एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने का सबसे सस्ता व सुलभ उपाय है।शासन के निर्देशानुसार मुनगा को प्रतिदिन आहार का हिस्सा बनाने तथा मुनगा पौधा लगाने लोगों को जागरूक करें। इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरुप दें।उन्होंने वन और उद्यानिकी विभाग को 4-4 लाख मुनगा पौधे अगले 2 माह मे तैयार करने के निर्देश दिये ताकि आगामी फ़रवरी और मार्च महीने मे इसे रोपा जा सके। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत प्रति आंगनबाड़ी केन्द्र 5 पौधे, सभी स्कूल, छात्रावास मे प्रति संस्था 20 पौधे, प्रति स्वास्थ्य केंद्र मे 10 पौधे जिले के प्रत्येक परिवार मे 2 पौधे, नगरीय निकाय के सार्वजनिक क्षेत्रों मे स्थान उपलब्धता के अनुसार मुनगा पौधा लगाया जाए।

अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले के द्वारा मुनगा पौधे के रोपण एवं उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिये सुपोषण चौपाल के दौरान हितग्राहियों विशेषकर महिलाओं एवं परिवारों से चर्चा की जाएगी। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 13 सितम्बर 2026 को प्रदेश मे हर घर मुनगा घर -घर मुनगा अभियान की शुरुआत की है।इस अभियान के नोडल विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग है।

किसान सभा ने कोल परिवहन को रोककर किया चक्काजाम

कोरबा, 5 नवंबर। छत्तीसगढ़ किसान सभा ने एसईसीएल की कुसमुंडा खदान क्षेत्र में आउट सोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से होने वाले कामों में प्रभावित भू विस्थापितों और स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर कुसमुंडा थाना के पास कुसमुंडा से गुजरने वाली कोल परिवहन को पूर्ण रूप से रोककर चक्काजाम शुरू कर दिया चक्काजाम को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित था। चक्काजाम से खदान के अंदर और बाहर भारी वाहनों का जाम लगना शुरू हुआ जिसके बाद दर्री तहसीलदार और कुसमुंडा थाना प्रभारी ने थाना में किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल को त्रिपक्षीय वार्ता के लिए बुलाया बैठक में एसईसीएल ने 11 नवंबर को प्रशासन की उपस्थिति में समस्याओं के समाधान का लिखित आश्वासन दिया उसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

■ **कुसमुंडा खदान के आउट सोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से होने वाले कामों से प्रभावित भू-विस्थापितों, स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग**

छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत झा ने प्रशासन से मांग किया की एसईसीएल में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहण हुई है वह भू विस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं और प्रबंधन आऊट सोर्सिंग कंपनियों के साथ सांठ गांठ कर दूसरे जिलों और प्रदेशों से कर्मचारी लाकर भर्ती कर रही है। जिसका हमारे संगठन द्वारा विरोध किया जा रहा है कुसमुंडा और गेवरा में होने वाले कार्यों में प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण प्रभावित भू विस्थापित और स्थानीय बेरोजगारों को सड़क पर उतर कर विरोध करना पड़ रहा है।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष जय कौशिक और सचिव दीपक साहू ने कहा की खदान विस्तार के लिए ग्रामीणों की पूरी जमीन ली जाती है लेकिन रोजगार देते समय 100: रोजगार प्रभावित ग्रामीणों को नहीं दिया जा रहा है 30: कंपनी सुरक्षित रखते हुए जिले से बाहर के लोगों को भरकर प्रभावितों के हक के रोजगार को बेच रही है।

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का जुआ के विरुद्ध जिले भर में ताबड़तोड़ रेड

55 जुआरी गिरफ्तार, 52,430 रुपए नगद जब्त

■ पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कड़े निर्देशों के तहत जिले भर में अवैध जुआ के खिलाफ चलाया गया सघन एंटी-क्राइम अभियान

■ थाना सिटी कोतवाली, सुहेला, भाटापारा शहर, पलारी, कसडोल, सिमगा एवं लवन पुलिस टीमों द्वारा की गई व्यापक दबिश में कुल 55 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 5 नवम्बर। पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा गौरव राय (भा.पु.से.) के कुशल निर्देशन एवं 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत जिले में अवैध गतिविधियों, जुआ और सट्टा के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस दिनांक 03.11.2026 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों (सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, सुहेला, भाटापारा शहर, पलारी, कसडोल, सिमगा एवं लवन) की पुलिस टीमों द्वारा ताबड़तोड़ रेड कार्रवाई करते हुए जुआरियों के बड़े नेटवर्क पर शिकंजा कसा गया है।

1. अप.क्र. 915/2026: भैंसापसरा क्षेत्र में कार्रवाई कर आरोपी (1) छोटू नवरंगे पिता हीरालाल, उम्र 32 वर्ष, (2) अमन भारती पिता बिज्जू, उम्र 22 वर्ष (दोनों निवासी भैंसापसरा को गिरफ्तार किया गया तथा कुल 9,600/- नगद जप्त की गई।

2. अप.क्र. 916/2026: ग्राम कंजी क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी (1) बेदप्रकाश महिलांग पिता सरजू, उम्र 42 वर्ष, (2) अतुल मनहरे पिता रामकुमार, उम्र 23 वर्ष (निवासी ग्राम कंजी) को पकड़ा गया तथा कुल 5,650/- नगद जप्त हुई।

3. अप.क्र. 917/2026: ग्राम कंजी क्षेत्र में अन्य कार्रवाई के दौरान आरोपी (1) ललित साहु पिता मदनलाल, उम्र 39 वर्ष (निवासी ग्राम कंजी), (2) देवनारायण कुर्रे पिता मयाराम, उम्र 50 वर्ष (निवासी ग्राम पनगांव), (3) बीरबल दास मानिकपुरी पिता दुर्गा दास, उम्र 36 वर्ष (निवासी ग्राम कंजी) को गिरफ्तार कर कुल 4,680/- नगद जप्त की गई।

4. अप.क्र. 918/2026: इंदिरा कॉलोनी व सिविल लाईन क्षेत्र में की गई रेड कार्रवाई में आरोपी (1) दुर्गेश यादव पिता रामकुमार, उम्र 19 वर्ष, (2) हर्ष साहू पिता शेखर साहू, उम्र 19 वर्ष, (3) लखन फेकर पिता ओमप्रकाश, उम्र 19 वर्ष (सभी निवासी इंदिरा कॉलोनी), (4) महेश ध्रुव पिता गौतम, उम्र 28 वर्ष (निवासी सिविल लाईन), (5) समीर राजपूत पिता राजू सिंह, उम्र 18 वर्ष (निवासी गौरव पथ) को पकड़ा गया तथा कुल 2,440/- नगद जप्त की गई।



1. अप.क्र. 215/2026: ग्राम बासीन गौठान के पास दबिश देकर आरोपी (1) लखन लाल वर्मा, (2) चंदन वर्मा, (3) मोह. आफ्ताब को गिरफ्तार कर 1,000/- नगद व ताश पत्ती जप्त की गई।

2. अप.क्र. 214/2026: ग्राम बासीन गौठान के पास कार्रवाई कर आरोपी (1) कृष्णा ध्रुव, (2) दशरथ बंजारे, (3) ओमप्रकाश बंजारे को पकड़ा गया तथा 1,200/- नगद व ताश पत्ती जप्त हुई।

3. अप.क्र. 213/2026: ग्राम बासीन गौठान में ही अन्य कार्रवाई के दौरान आरोपी (1) तिलकराम वर्मा, (2) विष्णु कोसले, (3) गुमान जांगडे को गिरफ्तार कर 1,300/- नगद एवं ताश पत्ती जप्त की गई।

1. नयागंज वार्ड भाटापारा से आरोपी (1) सौरभ साहू, (2) मोनू साहू, (3) मुकेश साहू को रंगे हाथों पकड़कर 1,230/- नगद व ताश पत्ती जप्त की गई।

2. नयागंज व नेहरू/गुरुनानक वार्ड क्षेत्र से आरोपी (1) शुभम यादव, (2) संतोष निषाद, (3) चंदू यादव, (4) भारत कुर्रे को गिरफ्तार कर कुल 1,360/- नगद एवं ताश पत्ती जप्त की गई।

1. अप. क्र. 445/2026 (ग्राम लकड़िया): आरोपी (1) महेश कुमार बाघे, (2) पुनम कुमार बाघे, (3) दुर्गा प्रसाद घृतलहरे, (4) भागीरथी घृतलहरे, (5) सुमित बंजारे को पकड़कर कुल 3,850/- नगद व ताश पत्ती जप्त की गई।

OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER
PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE
BILASPUR, CHHATTISGARH

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 380 से 382 दिनांक 29.10.2026 को निरस्त करते हुए GepNIC पद्धति से निविदा आमंत्रण किये जाने हेतु उक्त आमंत्रित निविदा अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत् अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी-262704400/7

एक नजर

नहरपारा में किया गया पौधारोपण



रायपुर, 5 नवम्बर। नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं संरक्षक शंकर दानवानी ने बताया कि नहरपारा के डिवाइडर में 5 अगस्त से पौधारोपण अभियान शुरू किया गया था जो आज संपन्न हुआ। प्रदुषण से सुरक्षा के लिए पौधारोपण किया गया है, पौधो की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड भी लगाए गए हैं। इस अवसर पर हेमनदास पोपटानी, अमर वलेचा, मनमोहन विग, मनोहर खुर्सीजा, नंदलाल खिलनानी उपस्थित थे।

दिवाली में जंगल सफारी और जू दो दिन रहेंगे बंद

रायपुर, 5 नवम्बर। दीपावली के त्योहार को देखते हुए रायपुर स्थित जंगल सफारी एवं जू को दो दिन पर्यटकों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक, 10 और 11 नवंबर को जंगल सफारी में पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने यह फैसला सरकारी संपत्ति को संभावित नुकसान से बचाने और वन्य प्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया है। त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस संबंध में कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व, रायपुर की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, निर्धारित दोनों दिनों में जंगल सफारी एवं जू पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे।

एटी में आधुनिक डिजाइनों की खास पेशकश




रायपुर, 5 नवम्बर। धनतेरस के पावन पर्व को लेकर सराफा बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। दीपावली के इस विशेष अवसर पर सोने-चांदी की खरीदारी को शुभ और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस वर्ष बाजार में पारंपरिक सोने के आभूषणों के साथ-साथ हल्के वजन की गोल्ड ज्वैलरी, आकर्षक डायमंड डिजाइन और प्रीमियम ब्राइडल कलेक्शन को लेकर ग्राहकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। शादी-विवाह का सीजन भी नजदीक होने के कारण ज्वैलरी बाजार में पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के आभूषणों की मांग बनी हुई है। धनतेरस के इस शुभ अवसर को और खास बनाने के लिए मध्य भारत के प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स प्रा. लि. ने अपने ग्राहकों के लिए गोल्ड, डायमंड, पोल्की एवं ब्राइडल ज्वैलरी का शानदार कलेक्शन प्रस्तुत किया है। यहां पारंपरिक भारतीय आभूषणों से लेकर समकालीन फैशन के अनुरूप तैयार किए गए डिजाइन की विस्तृत रेंज उपलब्ध है।

सुरक्षित डिजिटल पेमेंट के लिए एनपीसीआई के 5 सुझाव

रायपुर, 5 नवम्बर। त्योहारों का समय खुशियां मनाने, अपनों को उपहार देने और खरीदारी करने का होता है। इस दौरान ऑनलाइन और ऑफ्लाइन दोनों ही माध्यमों पर आकर्षक छूट, सीमित समय के लिए खास ऑफर और कैशबैक जैसी सुविधाएं मिलती हैं, जो लोगों को जल्दी खरीदारी करने के लिए प्रेरित करती हैं। त्योहारों की इस भाग दौड़ में कई बार लोग ऐसे ऑफर का फायदा उठाने के लिए बिना सोचे-समझे फैसला कर लेते हैं, जो देखने में बहुत अच्छे लगते हैं। साइबर ठग लोगों के इस व्यवहार को अच्छी तरह समझते हैं और चालाकी (सोशल इंजीनियरिंग) के जरिए इसका फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसाते हैं। तकनीक के साथ ठगी के तरीके भी बदल रहे हैं। ऐसे में थोड़ी जागरूकता और कुछ जरूरी सावधानियां बरतकर लोग त्योहारों के दौरान सुरक्षित और बिना किसी परेशानी के डिजिटल पेमेंट कर सकते हैं। केवल अधिकृत ऐप और वेबसाइट से ही खरीदारी करें। त्योहारों और सेल के दौरान साइबर ठग असली वेबसाइट जैसी दिखनेवाली नकली वेबसाइट और लिंक बनाते हैं, ताकि लोगों की निजी जानकारी और पेमेंट से जुड़ी जानकारी चुराई जा सके। इसलिए हमेशा वेबसाइट का पता खुद टाइप करें या अधिकृत ऐप का ही इस्तेमाल करें। अनजान स्रोतों से मिले लिंक पर क्लिक न करें और न ही कोई फाइल डाउनलोड करें। इनमें त्योहारों के ऑफर या शुभकामना संदेश वाले लिंक भी शामिल हैं। ऐसे लिंक आपको नकली वेबसाइट पर ले जा सकते हैं या उनमें हानिकारक सॉफ्टवेयर हो सकता है, जिससे आपका डिवाइस और उसमें मौजूद जानकारी खतरे में पड़ सकती है।

निधन

उर्मिला गुप्ता



रायपुर, 5 नवम्बर। श्रीमती उर्मिला गुप्ता पति स्वर्गीय हेमराज गुप्ता उम्र 84 वर्ष का आज सुबह निधन हो गया उनकी शव यात्रा आज शाम 4 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकाली जाएगी वे वरिष्ठ पत्रकार राजेश गुप्ता और राकेश गुप्ता की माता जी थी।

लोनिवि में मस्टर रोल व कलेक्टर दर पर नई नियुक्तियां बंद

रायपुर, 5 नवम्बर। छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग ने मुख्यालय और अपने सभी अधीनस्थ कार्यालयों में मस्टर रोल, दैनिक वेतनभोगी और कलेक्टर दर पर होने वाली नई नियुक्तियों को लेकर सख्त आदेश जारी किया है। शासन ने साफकर दिया है कि, 1 अप्रैल 2026 के बाद से इन श्रेणियों में किसी भी नए श्रमिक या कर्मचारी की नियुक्ति पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य बिना स्वीकृत सेटअप और बजट प्रावधान के होने वाली अनधिकृत नियुक्तियों को रोकना और राज्य के बजट पर पड़ने वाले अनावश्यक वित्तीय बोझ को समाप्त करना है।

आदेश की मुख्य बातें और नियम

नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शासन को हुई वित्तीय क्षति की वसूली संबंधित अधिकारी से नंवबर को जारी आदेश में कहा गया है कि, बिना स्वीकृत सेटअप और बजट आवंटन के मस्टर रोल या दैनिक वेतन पर कर्मचारियों को रखना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

शासन ने दोहराया 2008 के बैन का आदेश

छत्तीसगढ़ वित्तीय संहिता के तहत सक्षम अधिकारी की पूर्व प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के बिना किसी श्रमिक को काम पर रखना अनधिकृत अतिरिक्त दायित्व माना



जाएगा। आदेश में सामान्य प्रशासन विभाग के 5 मार्च 2008 के परिपत्र की याद दिलाते हुए कहा गया है कि, दैनिक वेतनभोगी, या कलेक्टर दर पर अनियमित नियुक्तियों पर पहले से ही रोक लागू है।

नियम तोड़ने वाले अधिकारियों पर गिरेगी गाज

शासन ने चेतावनी दी है कि, यदि 1 अप्रैल 2026 के बाद किसी भी कार्यालय में नियम खिलाफ कोई नियुक्ति पाई जाती है, तो उसे अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा। नियम के खिलाफनियुक्ति करने वाले अधिकारी का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन माना जाएगा। संबंधित अधिकारी के खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

जेब से होगी वित्तीय क्षति की वसूली

अनधिकृत नियुक्ति के कारण शासन को जो भी वित्तीय नुकसान होगा, उसकी पूरी राशि की वसूली सीधे संबंधित दोषी अधिकारी के वेतन या पेंशन से की जाएगी।

अमित जोगी को बार काउंसिल का नोटिस

रायपुर, 5 नवम्बर। 'ज्ञानू-जानू' वीडियो विवाद में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता अमित जोगी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। पुलिस जांच के बीच अब स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ ने भी उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। काउंसिल ने सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है।



जानकारी के मुताबिक, अधिवक्ता बृजेशनाथ पांडेय की शिकायत के बाद यह नोटिस जारी किया गया है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों और आगे की प्रस्तावित कार्रवाई का पूरा विवरण सामने आने के बाद ही कानूनी स्थिति स्पष्ट होगी।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े कथित आपत्तिजनक वीडियो को लेकर भाजपा नेताओं ने रायपुर के सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अमित जोगी समेत अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ व्हहस की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट के तहत स्वढ़ुकदर्ज कर जांच शुरू की है। पूछताछ के लिए पुलिस ने जोगी निवास पर नोटिस भी चस्पा किया था।

इधर, अमित जोगी के सूरत में होने की तस्वीरें सामने आने के बाद उनके फरार होने की चर्चाएं शुरू हुईं। पार्टी ने इन खबरों को भ्रामक बताया है। प्रदेश संगठन महामंत्री निलेश चौहान के मुताबिक, अमित जोगी निजी कार्यक्रम के चलते 2 से 8 नवंबर तक प्रदेश से बाहर हैं और 9 नवंबर को थाने पहुंचकर जांच में सहयोग करेंगे। विवाद के बाद अमित जोगी ने संबंधित पोस्ट हटाकर सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी थी। अब बार काउंसिल के नोटिस पर उनका जवाब और आगे की कार्रवाई अहम होगी।

अमित जोगी ने कहा- मैं भगोड़ा नहीं हूँ

रायपुर, 5 नवम्बर। 'ज्ञानु और जानू' वीडियो के बाद 'जोगी निवास' पर पुलिस के नोटिस चस्पा होने के बाद जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के नेता अमित जोगी ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपना पक्षा रखा है. उन्होंने बताया कि वे भगोड़ा नहीं हैं, बल्कि वे इन दिनों गुजरात में गुजरात पुलिस की सुरक्षा में हैं. अमित जोगी ने सोशल मीडिया में पोस्ट कर बताया कि वे भगोड़ा नहीं हैं, क्योंकि भगोड़ा कानून से भागता है, मैं आज भी गुजरात पुलिस की सुरक्षा में हैं. इसके साथ उन्होंने अपने ज्ञानु और जानू वीडियो को लेकर बताया कि उसका मतलब साधारण था- आज चुनाव से लेकर वोटर तक का एकाधिकार 2 लोगों के पास है. राजनीतिक व्यंग्य को बीएनएस की धारा 196 बनाना, लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है. उन्होंने अरिस्टोफेनेस से विदूषक तक, यही तो लोकतंत्र का पहरेदार रहा है.

प्रदर्शन




रायपुर, 5 नवम्बर। रेलगाड़ियों की लेटलतीफी, दलालों की मनमानी, टिकिट काउंटर की कमी सहित यात्रियों को हो रही समस्याओं के विरोध में आज कांग्रेस ने शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन के नेतृत्व में स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया।

कार्यालय से फील्ड तक दिखे सक्रियता : साव

उप मुख्यमंत्री ने 'निर्माण मंथन' में प्रदेशभर के अभियंताओं को किया संबोधित

रायपुर, 5 नवम्बर। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव आज विभागीय अभियंताओं के लिए आयोजित 'निर्माण मंथन' में शामिल हुए। लोक निर्माण विभाग की इस एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओं और उप अभियंताओं को सड़क, पुल एवं भवन निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, सर्वेक्षण, प्राक्कलन, निविदा प्रक्रिया और सड़कों के रखरखाव से जुड़े तकनीकी विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के विशेषज्ञों और वरिष्ठ अभियंताओं के साथ लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं ने गुणवत्ता, तकनीक और नवाचार पर विचार-विमर्श किया।



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में प्रदेशभर के अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के शिल्पकार हैं। इस भूमिका और दायित्व का गंभीरता एवं सक्रियता से निर्वहन कर अधोसंरचना को मजबूत करना है। लोक निर्माण विभाग राज्य के विकास का 'ग्रोथ-इंजन' है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के बाद से पिछले 26 वर्षों में छत्तीसगढ़ में जो बड़ा परिवर्तन आया है, उसमें विभाग की बड़ी भूमिका है। लोक निर्माण विभाग ने राज्य के विकास का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद की समाप्ति के बाद अब विकास कार्यों के लिए कोई प्रतिकूलता नहीं है। पूरे प्रदेश में इसके लिए अच्छा माहौल है। उप मुख्यमंत्री साव ने अभियंताओं से कहा कि आप लोग अपनी क्षमता, दक्षता और काबिलियत से राज्य के विकास में महती भूमिका निभाएं। बदलते समय के अनुसार नई तकनीकों और मशीनरी के साथ नई कार्य पद्धति अपनाएं।

खुद को अपडेट और अपग्रेड करें। उन्होंने कहा कि विभाग के कार्यों से हम सबकी प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। खराब या त्रुटिपूर्ण काम से पूरे विभाग पर प्रश्नचिन्ह उठता है। बने-बनाए पैटर्न पर चलने के बजाय आप लोग अपने विवेक और मौलिकता के साथ श्रेष्ठ काम करें। साव ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित मानकों एवं मापदंडों का गंभीरता से पालन करें। कार्यालय से लेकर फील्ड तक सक्रिय रहकर अपना उत्कृष्ट योगदान दें।

एक बार फिर राज्य का जल, जंगल जमीन अडानी को सौंपा जा रहा

रायपुर, 5 नवंबर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सूरजपुर जिले में अडानी के द्वारा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर लगाया जा रहा है। यह पावर प्लांट 4800 मेगावाट का है तथा कोयला आधारित पावर प्लांट है। इसमें बड़ी संख्या में वन भूमि भी प्रभावित हो रही है। इसके भूमि के पूरी जानकारी के बिना डबल इंजन की सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति दे दिया है। कंपनी के पास अभी केवल 465.92 हेक्टेयर भूमि है जबकि प्रोजेक्ट में इन्होंने 673.5 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता बताई है। इतनी भूमि वहां है नहीं शेष 207.58 हेक्टेयर भूमि वन भूमि है, जिसके लिए कंपनी वनभूमि को डायवर्सन के लिए आवेदन तक नहीं किया है लेकिन पर्यावरण स्वीकृति दे दिया है। यह प्रोजेक्ट गुम्मा, चिरवान और मुड़गांव जैसे संरक्षित वनों तथा सलका, नारायणपुर जैसे गांवों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक बगल में (150 मीटर से 250 मीटर की दूरी पर) स्थित है। वन भूमि पर ही पावर प्लांट क्यों लगाया जा रहा है? इस प्रोजेक्ट के लिए लगभग 84 मिलियन घनमीटर पानी प्रतिवर्ष लगेगा, यह पानी कहां से आयेगा? इसकी कोई जानकारी नहीं दी जा रही। यहां पानी भी हसदेव बांगो जलाशय से ही मिलना संभव होगा।

कालेज के संचालन में प्रबंधन का हस्तक्षेप कॉलेज के विकास में घातक : पाण्डेय



रायपुर, 5 नवम्बर। छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के इतिहास में पहली बार निजी महाविद्यालय के संगठन ने विकसित भारत ञ2046 के अनुक्रम में बिना किसी शासकीय सहयोग के सेंट विंसेंट पैलोटी महाविद्यालय, रायपुर द्वारा प्राइवेट कॉलेजेस प्रिंसिपल वेलफेयर एसोसिएशन (निजी महाविद्यालय प्राचार्य कल्याण संघ) के तत्वावधान में लीडरशिप फॉर एक्सीलेंसः एंपावरिंग प्रिंसिपल्स फॉर विकसित भारत 2047 विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव एवं छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गिरिशकान्त पाण्डेय ने प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा महाविद्यालय के संचालन में प्रबंधन का हस्तक्षेप कॉलेज के विकास में सबसे बड़ा घातक है। एंपावरिंग प्रिंसिपल्स फॉर विकसित भारत 2047 विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी नेतृत्व, संस्थागत विकास एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देना तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्राचार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार-विमर्श करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. संजीव प्रशार, निदेशक, भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुलदीप दुबे ने अपने स्वागत उदबोधन में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। निजी महाविद्यालय प्राचार्य कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ. मेघेष तिवारी एवं सचिव डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने बताया कि वर्तमान बदलते शैक्षणिक परिवेश में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के नेतृत्वकर्ताओं का सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो. संजीव प्रशार ने अपने उद्बोधन में शैक्षणिक संस्थानों के विकास में दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचार एवं प्रभावी प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया।

नारी गरिमा के समर्थन में अखंड ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन

रायपुर, 5 नवमबर। अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ (रजिस्टर्ड) द्वारा सुंदर नगर चौक स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा जी की प्रतिमा के समीप नेहा बोरा द्वारा ब्राह्मण समाज की महिलाओं एवं मंदिरों के पुजारियों के संबंध में की गई कथित अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया गया।

प्रदर्शन में उपस्थित विप्र बंधुओं एवं समाज के जागरूक सदस्यों ने एकजुट होकर उक्त टिप्पणियों के प्रति अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज की महिलाओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करना तथा मंदिरों के पुजारियों के संबंध में पूरे समुदाय को कटघरे में खड़ा करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस प्रकार की सामान्यीकृत टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द, नारी गरिमा एवं धार्मिक परंपराओं के सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। समिति के प्रदेश अध्यक्ष एस्ट्रो योगेश तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव समाज को संस्कार, शिक्षा, धर्म एवं संस्कृति का मार्ग दिखाता आया है। समाज की महिलाओं और धार्मिक परंपराओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष के प्रति द्वेष रखना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से समाज के आत्मसम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाना है।

उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। किसी भी समुदाय के बारे में टिप्पणी करते समय तथ्यों एवं मर्यादा का ध्यान रखना आवश्यक है। अंत में समिति ने सभी उपस्थित विप्र बंधुओं एवं भगिनियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सम्मान, नारी गरिमा और सनातन धार्मिक परंपराओं की रक्षा के लिए संगठन सदैव एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाता रहेगा। उपरोक्त प्रदर्शन में सत्यम शुक्ला, श्रीमती भारती अवतार शर्मा, अवधेश धर दीवान, सिद्धेश तिवारी, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, विमल ओझा, श्रीमती प्रीति ठाकुर, कान्हा ठाकुर, श्रीमती शोभा तिवारी, यश मिश्रा, आभा तिवारी आदि उपस्थित थे।

2300 शिक्षक पदों पर नियुक्ति की मांग, शिक्षा मंत्री के बंगले में प्रदर्शन

रायपुर, 5 नवम्बर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज सुबह से ही डीएड अभ्यर्थियों ने अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बंगले में प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अपने परिजनों के साथ बंगले के अंदर बैठकर धरना दे रहे हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि 2300 सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए और नियुक्ति की निश्चित तारीख घोषित की जाए।

जानकारी के मुताबिक, डीएड अभ्यर्थी पिछले 321 दिनों से नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। लंबे समय से आंदोलन के बावजूद मांग पूरी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थी अब शिक्षा मंत्री के बंगले पहुंच गए हैं और अंदर ही धरने पर बैठे हैं।प्रदर्शन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा है। एसडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारी भी बंगले पहुंचे हैं। पुलिस



लगातार अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि प्रदर्शन के दौरान शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव बंगले में मौजूद नहीं हैं। वहीं अभ्यर्थी अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक 2300 सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति को लेकर निश्चित तारीख घोषित नहीं की जाती, तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

आरंग एसडीएम रवि सिंह ने बताया कि अभ्यर्थी नियम विरुद्ध तरीके से शिक्षा मंत्री के बंगले पहुंचे थे, जिसके बाद उन्हें वहां से हटाया गया। एसडीएम के मुताबिक अभ्यर्थियों को बसों के माध्यम से रायपुर ले जाया जा रहा है। आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कोर्ट के आदेशों के बावजूद नहीं हो पाई है नियुक्तिः बता दें कि यह मामला वर्ष 2023 की सहायक शिक्षक भर्ती से जुड़ा है। डीएड अभ्यर्थियों का आरोप है कि बीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति निरस्त होने के बाद रिक्त पदों पर पात्र डीएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जानी थी, लेकिन प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई। अभ्यर्थियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद नियुक्ति नहीं हो पाई है। वे न्यायालय के आदेशों का पालन कराने की मांग भी कर रहे हैं। आंदोलन के दौरान अभ्यर्थी कई बार ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके अलावा कैंडल मार्च, मौन धरना, दंडवत यात्रा और सांकेतिक प्रदर्शन जैसे अलग-अलग तरीके अपना चुके हैं। अभ्यर्थियों की प्रमुख मांग 2300 सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति और नियुक्ति की निश्चित समय-सीमा घोषित करना है।

प्रदेश के 27 हजार बूथों पर होगा किसान मितान का गठन

रायपुर, 5 नवम्बर। छत्तीसगढ़ में भाजपा किसान मोर्चा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की तैयारी में जुट गया है। प्रदेश के 27 हजार मतदान केंद्रों पर किसान मितान का गठन किया जाएगा। इसे लेकर राजधानी रायपुर में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा संगठन विस्तार के लिए नए प्रयोग कर रही है। किसान मितान के माध्यम से मतदान केंद्र स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर 10 कार्यकर्ता संगठन के विस्तार के साथ किसानों से जुड़ी समस्याओं को समझेंगे और उनकी बात सरकार तक पहुंचाएंगे। बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार भी भाजपा के घोषणा पत्र के अनुरूप किसानों की मजबूती के लिए काम कर रही है। सरकार किसानों का धान खरीद रही है और कृषि क्षेत्र में फसल विविधीकरण यानी क्रॉप डाइवर्सिटी को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं। किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26